Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 312 | गुरूवार, 13 नवंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## तुर्किये से जुड़े तार

# डॉ. उमर ने किया धमाका, दिसंबर में दहलाना चाहता था दिल्ली

**नई दिल्ली।**

जांच में खुलासा हुआ है कि उमर छह दिसंबर को बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर दिल्ली में मुंबई के 2008 के 26/11 जैसे हमले को अंजाम देने की फिराक में था। लाल किले के नजदीक सोमवार शाम कार में हुआ धमाका पुलवामा निवासी डॉ. उमर नबी ने ही अंजाम दिया था। घटना स्थल पर कार में चिथड़ों में मिली लाश से लिए डीएनए के नमूने का उमर की मां के डीएनए से मिलान हो गया है। इस बीच, जांच में खुलासा हुआ है कि उमर छह दिसंबर को बाबरी मस्जिद विध्वंस की बरसी पर दिल्ली में मुंबई के 2008 के 26/11 जैसे हमले को अंजाम देने की फिराक में था। इसीलिए बड़ी मात्रा में विस्फोटक जमा किया गया था। जांचकताओं को फरीदाबाद के सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल के तहत पकड़े गए आठ संदिग्धों से पूछताछ में इस साजिश का पता चला है। एजेंसियों के मुताबिक, लाल किला, इंडिया गेट, कॉन्स्टीट्यूशन क्लब और गौरी शंकर मंदिर उनके निशाने पर थे। देशभर में रेलवे स्टेशनों और शॉपिंग मॉल्स को भी निशाना बनाने की तैयारी थी। इस बीच, शक के घेरे में आए अल फलाह विश्वविद्यालय ने कहा कि गिरफ्तार दोनों डॉक्टरों से उसका सिर्फ पेशेवर संबंध है। हम इस दुर्भाग्यपूर्ण घटनाक्रम से व्यथित हैं। हम जिम्मेदार संस्थान हैं, राष्ट्र के साथ एकजुटता से खड़े हैं। विस्फोट में मृत लोगों के पोस्टमार्टम में गंभीर चोटों का पता चला है। इसमें टूटी हड्डियां और सिर में चोट शामिल हैं। मौत के कारणों में गहरे घाव व अत्यधिक रक्तस्राव शामिल है। पोस्टमार्टम के दौरान शवों या कपड़ों पर किसी छर्रे के निशान नहीं मिले। ज्यादातर चोटें शरीर के ऊपरी हिस्से, सिर और सीने पर लगी थीं।



### कार बम बनाने की कोशिश में जुटा था

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) व दिल्ली पुलिस को बुधवार देर रात डीएनए जांच की रिपोर्ट मिली। इससे साफ हो गया कि आई20 कार उमर नबी ही चला रहा था और धमाके में उसकी भी मौत हो गई। उमर ने अपने साथियों को बताया था कि वह दिसंबर में हमला करेगा। इसे अंजाम देने के लिए ही उसने आई20 में विस्फोटक लाद रखा था।

## मासिक धर्म का प्रमाण मांगने का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** हरियाणा के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में महिला सफाई कर्मचारियों से कथित तौर पर उनके मासिक धर्म को तस्वीरों के जरिये साबित करने के लिए कहे जाने का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) ने शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर कर केंद्र और हरियाणा सरकार को कथित घटना की विस्तृत करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। बार एसोसिएशन ने सुप्रीम कोर्ट से यह सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया है कि मासिक धर्म के दौरान महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य, गरिमा, शारीरिक स्वायत्तता और निजता के अधिकार का हनन न हो। पुलिस ने बताया कि एमडीयू से जुड़े तीन लोगों पर 31 अक्टूबर को यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया था। इन लोगों पर आरोप है कि उन्होंने महिला सफाई कर्मचारियों से तस्वीरों के जरिये यह साबित करने को कहा कि उन्हें मासिक धर्म हो रहा है।

## || सार संक्षेप

### अमेरिका ने भारत समेत 7 देशों की 32 कंपनियों और लोगों पर लगाए प्रतिबंध



**वाशिंगटन।**

अमेरिका ने बुधवार को ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से जुड़े होने के आरोप में भारत एवं चीन समेत कई देशों की 32 संस्थाओं और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। अमेरिका ने कहा कि यह कार्रवाई ईरान द्वारा मिसाइलों एवं अन्य पारंपरिक हथियारों के आक्रामक विकास का मुकाबला करने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रयासों के अनुरूप है। ईरान, चीन, हांगकांग, यूएई और तुर्किये की संस्थाएं भी शामिल अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि ईरान, चीन, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), तुर्किये, भारत एवं अन्य देशों में स्थित 32 संस्थाओं और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाए हैं, जो ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल व मानव रहित विमान (यूएवी) के उत्पादन में मदद करने वाले खरीद नेटवर्क को संचालित करते हैं। विभाग ने कहा कि यह कार्रवाई सितंबर में ईरान पर लगाए गए संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों और प्रतिबंधात्मक उपायों को फिर लागू करने में सहायक है, क्योंकि देश अपनी परमाणु प्रतिबद्धताओं को पूरा नहीं कर रहा है। अमेरिकी वित्त मंत्रालय के उपमंत्री (आतंकवाद एवं वित्तीय खुफिया) जान के. हर्ले ने कहा कि ईरान दुनियाभर की वित्तीय प्रणालियों का दुरुपयोग करके मनी लांड्रिंग और परमाणु व पारंपरिक हथियार कार्यक्रमों के लिए पुर्जे खरीद रहा है।

## विश्व कप विजेता दीप्ति का आज आगरा में होगा भव्य स्वागत

**आगरा।**



विश्वकप विजेता दीप्ति शर्मा गुरुवार को आगरा पहुंचेंगी। इस दौरान दीप्ति का भव्य स्वागत किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। सुरक्षा भी चाक-चौबंद रहेगी। विश्वकप विजेता दीप्ति शर्मा के स्वागत में बृहस्पतिवार को पूरा आगरा जश्न मनाने के लिए तैयार है। शहर में होने वाले भव्य रोड शो और सम्मान समारोह की तैयारियां बुधवार रात पूरी कर ली गईं। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीसीए) के पदाधिकारी और पुलिस प्रशासनिक अधिकारी देर रात तक कार्यक्रम की अंतिम समीक्षा में जुटे रहे। डीसीए अध्यक्ष और यूपीसीए एपेक्स काउंसिल के सदस्य सुनील जोशन खुद व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दीप्ति शर्मा आगरा की गौरव हैं, उनका स्वागत पूरे सम्मान और उत्सव के साथ किया जाएगा। बुधवार शाम को ट्रैफिक पुलिस और डीसीए टीम ने 10 किलोमीटर लंबे रोड शो रूट पर रिहर्सल किया।

## दिल्ली धमाके से पहले जम्मू-कश्मीर में बड़ा आतंकी मॉड्यूल पकड़ा गया, दो डॉक्टर समेत 7 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।**



दिल्ली धमाके से पहले जम्मू-कश्मीर में एक बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ है, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़े दो डॉक्टर समेत सात लोग गिरफ्तार किए गए हैं। इन गिरफ्तारियों ने दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय आतंकी नेटवर्क और भारी मात्रा में विस्फोटक बरामदगी को उजागर किया है, जिससे दिल्ली धमाके से संभावित संबंध की जांच जारी है। दिल्ली के लाल किला इलाके में सोमवार शाम एक कार में हुए धमाके से ठीक कुछ घंटे पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। बताया जा रहा है कि यह नेटवर्क जैश-ए-मोहम्मद (खीट) और अंसार गजवत-उल-हिंद (अऋ्ल) जैसे आतंकी संगठनों से जुड़ा हुआ था। पुलिस ने इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो डॉक्टर भी शामिल हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार, पकड़े गए सभी आरोपी 22 से 30 वर्ष की उम्र के बीच के हैं और इनमें से किसी का पहले कोई आतंकी रिकॉर्ड नहीं रहा है। सबसे पहले पुलवामा के रहने वाले डॉक्टर मुझम्मिल अहमद गनई को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया। वे अल-फलाह मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर में कार्यरत थे। पुलिस ने उनके फरीदाबाद के धौज गांव स्थित किराए के घर से करीब 358 किलो विस्फोटक बरामद किया है। गौरतलब है कि डॉ. गनई और धमाके के मुख्य संदिग्ध डॉ. उमर नबी दोनों एक ही गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने अनंतनाग के डॉक्टर अदील मजीद राथर को सहारनपुर से गिरफ्तार किया। वे श्रीनगर के सरकारी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस और एमडी की पढ़ाई पूरी करने के बाद हाल ही में जीएमसी अनंतनाग में सीनियर रेजिडेंट के रूप में कार्यरत थे।

### दिल्ली में प्रदूषण के बीच कोहरे ने दी दस्तक



**नई दिल्ली।**

देशभर में ठंड का प्रकोप बढ़ रहा है, मौसम विभाग ने पश्चिमी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में 15 नवंबर तक शीतलहर का अलर्ट जारी किया है। वहीं, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में अगले दो दिनों तक भारी बारिश की संभावना है। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण गंभीर बना हुआ है। अगले 24 घंटे के दौरान, केरल, तमिलनाडु और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। आंतरिक और उत्तरी तमिलनाडु, दक्षिणी केरल और लक्षद्वीप में कहीं-कहीं हल्की वर्षा हो सकती है। मध्य प्रदेश, विदर्भ और झारखंड के कुछ इलाकों में ठंड की लहर से लेकर प्रचंड ठंड की लहर जैसी स्थितियां देखने को मिल सकती हैं। पूर्वोत्तर भारत, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्का से मध्यम कोहरा छा सकता है।

दक्षिण भारत में भारी बारिश और उत्तराखंड–हिमाचल में बर्फबारी की संभावना है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी की संभावना जताई है। खासकर लाहौल स्पीति और मनाली में भारी बर्फ गिरने का अनुमान है। वहीं, उत्तराखंड के चमोली, नैनीताल, मसूरी और रुद्रप्रयाग में शीतलहर का कहर बढ़ने वाला है। उत्तर प्रदेश और बिहार में भी सर्दियों ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं।

## वायुसेना प्रमुख हरक्यूलिस विमान से उतरे

# चीन सीमा के पास लद्दाख में एयरबेस चालू

**नई दिल्ली।**



वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के सी-130जे हरक्यूलिस विमान से उतरने के साथ ही लद्दाख का रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मुध-न्योमा एयरबेस बुधवार को चालू हो गया। यह एयरबेस लगभग 13 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है और चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर है। अधिकारियों ने बताया कि एयरबेस चालू होने से संवेदनशील क्षेत्र में भारतीय सेना की सामरिक तैयारी बढ़ने की उम्मीद है। एयरबेस को चालू करने के लिए 218 करोड़ रुपये की परियोजना का कार्यान्वयन सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा किया गया था। इस परियोजना की आधारशिला सितंबर 2023 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा रखी गई थी। इस एयरबेस का इस्तेमाल लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों और परिवहन विमानों द्वारा किया जा सकेगा। मुध-न्योमा एयरबेस लद्दाख में चौथा एयरबेस है। अन्य तीन एयरबेस लेह, कारगिल और थोईस में स्थित हैं। कारगिल हवाई पट्टी लगभग 10,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। रक्षा मंत्रालय सामरिक जरूरतों को देखते हुए उन्नत लैंडिंग ग्राउंड सहित एलएसी के निकट सभी हवाई अड्डों पर बुनियादी ढांचा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। यह अभ्यास वायु और स्थल से लेकर समुद्री अभियानों में भारतीय वायुसेना की दक्षता प्रदर्शित करता है। सभी उपलब्ध बुनियादी ढांचे का उपयोग करते हुए बहुआयामी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने हीरासर (राजकोट) अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से परिचालन किया।

### वायुसेना ने पश्चिमी क्षेत्र में "महागुजराज" अभ्यास किया

एएनआइ के अनुसार, परिचालन उत्कृष्टता और संयुक्त तैयारियों का प्रदर्शन करते हुए वायुसेना ने 29 अक्टूबर से 11 नवंबर तक पश्चिमी क्षेत्र में "महागुजराज–25" अभ्यास किया।

## रेलवे स्टाफ की पृष्ठभूमि की पुलिस जांच होगी अनिवार्य

**नई दिल्ली।**

रेलवे बोर्ड ने सभी जोनों को निर्देशित किया है कि वे सभी आनबोर्ड अटेंडेंट्स और स्टाफ की व्यापक पुलिस जांच सुनिश्चित करें। यह कदम एक हालिया घटना के बाद उठाया गया है जिसमें एक कोच अटेंडेंट ने बिस्तर की चादर को लेकर हुए विवाद के बाद एक सेना के जवान की हत्या कर दी थी। यह वारदात चार नवंबर को जम्मू तवी-सबरमती एक्सप्रेस में हुई, जब यह उत्तर पश्चिम रेलवे जोन के बीकानेर डिविजन से गुजर रही थी। रेलवे बोर्ड ने सभी 18 जोनों के सामान्य प्रबंधकों को संबोधित एक पत्र में कहा, 'हालिया घटना को देखते हुए यह और भी आवश्यक और तात्कालिक हो गया है कि सभी आनबोर्ड संविदा स्टाफ की व्यापक पुलिस जांच तुरंत पूरी की जाए और इसे सीएमएम (कोचिंग मेंटेनेंस मैनेजमेंट) पोर्टल पर अपडेट किया जाए।'



# युद्धाभ्यास 'त्रिशूल' का आज होगा समापन

**जयपुर।**

राजस्थान के रेगिस्तान से लेकर गुजरात के कच्छ तक भारतीय सेना के तीनों अंगों का युद्धाभ्यास त्रिशूल बुधवार को भी जारी रहा।

इसमें जमीन, आसमान एवं समुद्र के साथ ही साइबर क्षेत्र में तालमेल बिठाते हुए दुश्मन को काबू में करने की तैयारियों का परीक्षण किया जा रहा है। युद्धाभ्यास का गुरुवार को समापन होगा। समापन के एक दिन पहले रेत के टीलों में टैंक एवं बख्तरबंद वाहनों में सुदर्शन चक्र और कोणार्क कोर की अलग-अलग टीमें आगे बढ़ीं और उन्हें वायुसेना के हेलीकॉप्टरों ध्रुव, चेतक, रूद्र और चीता ने कवर प्रदान किया। जवानों ने दुश्मन के काल्पनिक ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने कहा कि भारतीय सेना भविष्य के किसी भी युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार है। हमने एक रूद्र ब्रिगेड तैयार की है, जिसमें इंजीनियर, साइबर विशेषज्ञ एवं ड्रोन विशेषज्ञ शामिल हैं। यह टीम दुश्मन देश से निपटने में पूरी तरह सक्षम है।



## संपादक की कलम से

# आतंकवाद के डाक्टर

परिस्थितिजन्य तफसील से यह स्पष्ट हो चुका है कि दिल्ली विस्फोट आतंकी हमला ही था। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कहा है कि षड्यंत्रकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। सामान्य धमाके में साजिशकार नहीं होते। बुधवार को प्रधानमंत्री की ही अध्यक्षता में कैबिनेट की सुरक्षा समिति (सीसीएस) की बैठक हुई। अक्सर यह युद्ध और आतंकी हमले के बाद ही बुलाई जाती है। इस समिति में प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री, गृहमंत्री, विदेश मंत्री, वित्त मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार आदि होते हैं। युद्ध की स्थिति में तीनों सेना प्रमुखों को भी बुलाया जाता है। गृह सचिव और आईबी निदेशक भी बैठक में सम्मिलित होते हैं। दिल्ली विस्फोट की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) को सौंपी गई है, जिसे आतंकी हमलों की गहन जांच की विशेषज्ञता हासिल है। इस संदर्भ में फरीदाबाद की अलफलाह यूनिवर्सिटी आतंकवाद के नए अड्डे के तौर पर उभरी है। फरीदाबाद के गांवों से जो 2900 किग्रा. विस्फोटक रसायन बरामद किया गया था, उसकी भूमिका भी साफ हो गई है। जो डॉ. उमर मुहम्मद कार-विस्फोट में मारा गया है, वह इसी मेडिकल यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर था। वह जिस तरह मरा है, उसे हम एक नए किस्म का फिदायीन बॉम्बर मान सकते हैं, क्योंकि उसकी कार में विस्फोटक था और उसी ने उसे सक्रिय किया होगा! जांच से बिल्कुल पारदर्शी स्पष्ट हो जाएगा। उमर कश्मीर के पुलवामा के कोइल गांव का निवासी था। विस्फोटक रसायन वाला आतंकी डॉ. मुजम्मिल शकील भी इसी गांव का रहने वाला था। वह इस आतंकी यूनिवर्सिटी में ही एसोसिएट प्रोफेसर था। तीसरा डॉ. सज्जाद अहमद भी पुलवामा का था। अलफलाह यूनिवर्सिटी में ही 45 वर्षीया डॉ. शाहीन सईद पदस्थ थी और एमबीबीएस, एमडी स्तर की फार्मकोलॉजी विशेषज्ञ थी। वह जैश-ए-मुहम्मद के सरगना आतंकी मसूद अजहर और उसकी बहन सादिया के नेतृत्व में आतंकी संगठन की महिला विंग जमात उल मोमिनात की भारत में मुखिया थी। उसे संगठन में जेहादी औरतों की भर्ती का जिम्मा दिया गया था। उसके भाई डॉ. परवेज को भी उप्र एटीएस ने गिरफ्तार कर लिया है। 38 वर्षीय डॉ. आदिल कश्मीर के काजीकुंड का निवासी था और सहारनपुर, उप्र में सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर था। यदि कश्मीर के नौगाम में जैश के धमकी वाले पोस्टर नहीं लगते, तो शायद आतंकवाद के डॉक्टर मॉड्यूल का पदार्फाश न होता! इस गिरोह के 8 आतंकियों में 4 डॉक्टर कश्मीरी, 2 उप्र के हैं और दो मौलवी-इमाम शामिल हैं। सभी पुलिस की गिरफ्त में हैं। उमर विस्फोट में भस्म हो चुका है। दरअसल यह राष्ट्रीय चिंता का विषय है कि उच्च प्रशिक्षित डॉक्टर अब आतंकी बन रहे हैं। डॉक्टर बनना आसान नहीं है। जब एक छात्र डॉक्टरी की पढ़ाई करता है और 5-7 साल के अनथक परिश्रम और गहन अध्ययन के बाद, अंतत:, डॉक्टर बनता है, तो उस छात्र पर सरकार और करदाताओं के लाखों रुपए खर्च होते हैं। यह सवाल हैरानी का नहीं होना चाहिए कि उच्च शिक्षित नौजवान आतंकी क्यों बन रहे हैं? वर्ष 2000 के कालखंड में इंडियन मुजाहिदीन में प्रशिक्षित इंजीनियर आतंकी बने हुए थे। यही नहीं, जिन्होंने अमरीका में 9/11 आतंकी हमला किया था, वे आतंकी भी उच्च शिक्षित एवं मुसलमान थे। यही घोर कट्टरवाद, इस्लामी जेहाद और कथित काफिरों को मारने की मानसिकता ही है, जो नौजवानों को भ्रमित करती है और वे आतंकी बन जाते हैं। बहरहाल अभी तो जांच आगे बढ़ेगी, तो देश के प्रमुख राज्यों और शहरों के मेडिकल कॉलेज और शिक्षण संस्थानों की भीतरी कडियां जुड़ेंगी।



ललित शर्मा
संपादक

# लाल किला विस्फोट के बाद उठते गंभीर सवाल

दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए भयानक धमाके ने न केवल देश की राजधानी दिल्ली बल्कि राष्ट्रीय चेतना को झकझोर दिया। शाम के करीब सात बजे जब दिल्ली अपनी सामान्य चहल-पहल में डूबी थी, अचानक लाल किला मैट्रो स्टेशन के गेट नंबर-1 के पास एक तेज धमाका हुआ, जिसने पूरे इलाके को दहला दिया। कुछ ही पलों में कार जलते मलबे में बदल गई, आसपास खड़ी गाड़ियां आग की लपटों में घिर गई और घना धुआं आसमान में छा गया। यह दृश्य किसी युद्ध के बाद की तबाही जैसा था, आवाज इतनी भयावह कि चांदनी चौक से लेकर जामा मस्जिद तक सायरन और चीखों की गूंज फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक सफेद हुंडई आई-20 कार में अचानक जबरदस्त विस्फोट हुआ। कार के परखच्चे उड़ गए और आग ने पास खड़ी गाड़ियों, ई-रिक्शा आदि को अपनी लपटों में ले लिया। कुछ ही सैकेंडों में पूरा इलाका दहशत के घेरे में था। विस्फोट की तीव्रता ने न केवल वाहनों को चूर-चूर किया बल्कि लाल किला और आसपास की इमारतों तक को हिला दिया, आसपास की दुकानों के शीशे टूट गए और लोगों के दिलों में एक बार फिर वही पुराना भय लौट आया, वह भय जो दिल्ली ने 2001, 2005, 2008 और 2011 के धमाकों के दौरान महसूस किया था। इस दर्दनाक हादसे में कम से कम 12 लोगों की मौत हुई है जबकि दर्जनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए। आनन-फानन में जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुट गई कि वाहन में कौन सवार था और विस्फोट से पहले क्या गतिविधियां हुई। जांच एजेंसियों के हाथ कई अहम सुराग लगे हैं। दिल्ली-एनसीआर और पुलवामा में लगातार छापेमारी से अलफलाह यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर आतंकी डॉ. उमर नबी दबाव में आ गया था। वह फरीदाबाद से जल्दबाजी में अधूरा तैयार आईईडी लेकर कार से निकला, जिससे धमाका हुआ। इसलिए धमाके का असर सीमित रहा और क्रेटर या छर्रे नहीं मिले। धमाके वाले दिन, आई20 कार लाल किला पहुंचने से पहले दिल्ली के कई इलाकों से गुजरी थी। कार दोपहर ढ़ाई बजे कनॉट प्लेस पहुंची और कुछ देर बाद वहां से निकल गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कार में विस्फोट सामाग्री वही थी, जो फरीदाबाद से जब्त की गई है। यह मॉड्यूल जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद से जुड़ा है, जो जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और यूपी में सक्रिय है। इस मामले में गिरफ्तार फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल में शामिल डॉ. शाहीन शाहिद ने स्वीकार किया है कि वह अपने साथी आतंकी डॉक्टरों के साथ मिलकर देशभर में हमलों की साजिश रच रही थी। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि वह पिछले दो सालों से विस्फोटक जमा कर रही थी। लाल किला केवल एक राष्ट्रीय स्मारक नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र और अस्मिता का प्रतीक है। इसकी दीवारों पर हर स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री का भाषण गूंजता है। ऐसे पवित्र स्थल के समीप हुआ यह धमाका सुरक्षा व्यवस्था के सबसे गहरे स्तरों तक प्रश्न खड़े करता है। सवाल यह है कि इतनी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद राजधानी के दिल में यह घटना कैसे घट गई? दिल्ली पुलिस और खुफिया एजेंसियों की निगरानी में लाल किला सबसे उच्च सुरक्षा वाले क्षेत्रों में शामिल है, जहां नियमित रूप से सीसीटीवी, ड्रोन और बीट पैट्रोलिंग की जाती है। फिर भी यदि इस स्तर का विस्फोट हो सकता है तो यह केवल तकनीकी विफलता नहीं बल्कि सुरक्षा मानसिकता की जड़ता का भी संकेत है। यह दशार्ता है कि हम अब भी उस सुरक्षित भ्रम में जी रहे हैं, जहां खतरे को हमेशा दूर मान लिया जाता है, जब तक कि वह हमारे दरवाजे पर दस्तक नहीं देता। इस धमाके की भयावहता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि इसकी गूंज बहुत दूर तक सुनाई दी और आसपास के वाहनों में आग फैल गई, फायर ब्रिगेड ने बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। दिल्ली में ऐसा धमाका करीब 13 वर्षों बाद हुआ है। फरवरी 2012 में इजराइली राजनयिकों को निशाना बनाकर हुए बम धमाके के बाद से राजधानी अपेक्षाकृत शांत रही थी। उससे पहले 7 सितंबर 2011 को दिल्ली हाईकोर्ट गेट नंबर-5 के पास हुए धमाके में 15 लोग मारे गए थे। 2008 के सिलसिलेवार धमाकों में तो दिल्ली का दिल ही दहल गया था, जब करोल बाग, कनॉट प्लेस और ग्रेटर कैलाश जैसे इलाकों में मौत और तबाही की कहानियां लिखी गई थी। उससे पहले 29 अक्तूबर 2005 को दीवाली से दो दिन पहले लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने पहाड़गंज, गोविंदपुरी और सरोजिनी नगर में एक साथ तीन धमाके किए थे, जिनमें 60 से अधिक निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। यह लंबा इतिहास बताता है कि दिल्ली हमेशा से आतंकवादियों के निशाने पर रही है क्योंकि यह न केवल सत्ता का केंद्र है बल्कि देश की आत्मा है। लाल किले के पास हुआ यह विस्फोट उस समय हुआ, जब फरीदाबाद में करीब तीन हजार किलो संदिग्ध विस्फोटक बरामद हुआ था। एक कश्मीरी डॉक्टर के किराए के मकान से 360 किलो विस्फोटक, हथियार और टाइमिंग डिवाइस बरामद किए गए थे। इस मामले में कई लोगों की गिरफ्तारी हुई, जिनमें मेडिकल प्रोफैशनल्स और मौलवी भी शामिल बताए गए। इन दोनों घटनाओं के बीच कड़ियां जुडने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि कोई गहरी साजिश पनप रही थी, जिसे शायद पूरी तरह रोका नहीं जा सका। इस हादसे ने एक बार फिर सवाल उठाया है कि क्या हमारी खुफिया प्रणाली में समय रहते चेतावनी देने की क्षमता घट रही है? क्या सूचनाओं का साझा तंत्र अब भी कागजी प्रक्रियाओं में उलझा हुआ है? सुरक्षा केवल हथियारों, बुलेटप्रूफ जैकेटों या बड़ी टीमों से नहीं आती, यह निरंतर सतर्कता, सामुदायिक सहयोग और त्वरित इंटेलिजेंस साझा करने से बनती है। यदि फरीदाबाद जैसी घटनाओं के बाद तत्काल सतर्कता बढ़ाई जाती और वाहन जांच प्रणाली में रैंडम सर्च बढ़ाई जाती तो शायद यह विस्फोट टल सकता था। बहरहाल, पीड़ितों के परिवारों के लिए यह दर्द केवल आंकड़ों का मामला नहीं बल्कि उनके लिए यह जीवन के उजाले का बुझ जाना है। अस्पतालों में घायल तड़प रहे हैं, कुछ ने अपने प्रियजनों को हमेशा के लिए खो दिया। प्रशासन के लिए यह करुणा और जिम्मेदारी की सबसे कठिन परीक्षा है।



*सरकार को त्वरित राहत, मुआवजा और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करनी होगी। अपराधियों को पकड़ने और दोषियों को सजा दिलाने में किसी भी तरह की देरी इस देश की न्यायिक साख पर सवाल उठाएगी। हमारी प्राथमिकता इस समय तीन दिशाओं में होनी चाहिए, पीड़ितों के प्रति संवेदना, जांच में निष्पक्षता और भविष्य के लिए सबक। लाल किले के पास हुआ यह धमाका चेतावनी है कि सुरक्षा एक सतत प्रक्रिया है, जिसे हर नागरिक की जागरूकता, तकनीकी सशक्तता और प्रशासनिक दृढ़ता के साथ ही साकार किया जा सकता है। यह समय दोषारोपण का नहीं बल्कि आत्ममंथन का है, यह सोचने का कि क्या हम सुरक्षा के हर स्तर पर सचमुच उतने सजग हैं, जितना एक जिम्मेदार राष्ट्र को होना चाहिए। दिल्ली की हवा में आज केवल धुआं नहीं बल्कि चिंता और सवाल तैर रहे हैं और जब तक इन सवालों का जवाब तथ्यों, साक्ष्यों और न्याय की कसौटी पर नहीं मिलता, तब तक यह विस्फोट केवल एक हादसा नहीं रहेगा बल्कि हमारी सामूहिक चेतना पर लगी गहरी चोट की तरह याद किया जाएगा। देश उम्मीद कर रहा है कि जांच एजेंसियां सच्चाई को उजागर करते हुए दोषियों को बेनकाब करेंगी और दिल्ली फिर से वही शहर बनेगी, जो हर संकट के बाद और मजबूत होकर उठ खड़ी होती है।*

## उदय किशोर साह



### जंगल की सैर

कविता

आओ जंगल की मैं सैर करा दूँ
हरी वन उपवन में सुकुन दिला दूँ
पीपल बरगद की जहाँ शीतल छाँव
जहाँ बसा है वन्य जीवन की एक गाँव

वो देखो जंगल का शेर बना जहाँ राजा
मंत्रीगण संग चल रही है चर्चा कोई ताजा
बंदूक वाला कोई शिकारी घुस ना पाये
चाहे जो करना है सब मिल कर दिखलाये

माँद में छिपा है गीदड़ वो बना है सयाना
पकड़ लाया है बकरी का बुढ़ा एक नाना
वो देखो सफेद खरगोश डर कर है भागा
हाथी भी यहाँ रात भर क्यूँ है आज जागा

गिलहरी अमुवा के डाली पे बैठ मुस्कुराई
बिल्ली को क्यूँ वो बार बार है चिढ़ाई
मोर मोरनी की जोड़ी है कितना सुन्दर
कुंज गली में जहाँ कूद रहा नटखट बन्दर

भेड़ियें से ना कोई कभी मुँह ना। लगाना
धुर्त्तई जिनकी है चरित्र का स्थाई पैमाना
हिरणी सहम कर कुंलाँचे मारते है भागी
डरी सहमी है सब उनके वन के साथी

जंगल में हैं यहाँ मंगल सा मन भावन नजारा
अपने आँचल में वन्य प्राणी को ये है सवांरा
कल कल बहती है जहाँ अल्हड़ वो नदियाँ
कितना सुन्दर लगता है जंगल की वादियाँ

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# गुवाहाटी के पास मौजूद यह गांव प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग, खूबसूरती देख हो जाएंगे दीवाने

असम, बांग्लादेश और भूटान दोनों के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को साझा करता है। यह राज्य गुवाहाटी जैसी खूबसूरत जगह और कामाख्या मंदिर जैसे फेमस धार्मिक स्थल के लिए पूरे देश में फेमस है। आज हम आपको असम के चाय बागों के बीच स्थित सरलपारा की खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं। नॉर्थ ईस्ट इंडिया में घूमने जाने वाले सबसे खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में असम पहले नंबर पर आता है। यह पूर्वोत्तर भारत में स्थित प्राकृतिक सुंदरता, चार बागानों और जैवविविधता का खजाना है। यह बांग्लादेश और भूटान दोनों के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को साझा करता है। यह राज्य गुवाहाटी जैसी खूबसूरत जगह और कामाख्या मंदिर जैसे फेमस धार्मिक स्थल के लिए पूरे देश में फेमस है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको असम के चाय बागों के बीच में स्थित सरलपारा की खासियत और इसकी खूबसूरती के बारे में बताने जा रहे हैं।

**सरलपारा:** सरलपारा की खासियत और खूबसूरती बताने से पहले आपको सरलपारा असम के कोकराझार जिले में पड़ता है। यह कोकराझार मुख्य शहर से करीब 56 किमी दूर है। सरलपारा, असम की एक ऐसी जगह है, जोकि भूटान सीमा के पास स्थित है। इस वजह से यह जगह पर्यटकों के लिए काफी लोकप्रिय है।



**क्यों फेमस है सरलपारा:** भूटान सीमा के पास स्थित सरलपारा पूरे असम के सबसे फेमस और खूबसूरत पिकनिक स्पॉट माना जाता है। सरलपारा की शानदार प्राकृतिक सुंदरता, पहाड़, झरना और घाटियां खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती हैं। सरलपारा के आसपास कई खूबसूरत चाय के बागान भी मौजूद हैं, जोकि पर्यटकों को खूब आकर्षित करते हैं।

सरलपारा में मौजूद घास के मैदान और मैदान के बीच बहने वाली एक छोटी नदी सैलानियों को सबसे ज्यादा अपनी ओर आकर्षित करती है। इसको प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग माना जाता है।

यह जगह अपने शांत और शुद्ध वातावरण के लिए भी जाना जाता है। सरलपारा शानदार और लुभावने सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए भी जाना जाता है। सरलपारा कई किस्म के फूलों के लिए भी जाना जाता है।

**पर्यटकों के लिए क्यों खास है सरलपारा:** यह जगह पर्यटकों के बीच सबसे ज्यादा पिकनिक स्पॉट के रूप में फेमस है। यहां पर स्थानीय ही नहीं बल्कि असम के दूर-दराज से लोग परिवार के साथ पिकनिक मनाने के लिए आते हैं।

वीकेंड में यहां पर भारी संख्या में लोग परिवार के साथ मौज-मस्ती के लिए पहुंचते हैं। यहां पर कई लोग दोस्तों, परिवार और पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करने के लिए पहुंचते हैं।

सरलपारा पर्यटकों के बीच सिर्फ पिकनिक स्पॉक के तौर पर ही नहीं बल्कि एडवेंचर स्पॉट के रूप में भी जाना जाता है। यहां पर कई पर्यटक हाइकिंग, ट्रेकिंग और कैंपिंग का शानदार लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। इसके साथ ही सरलपारा की खूबसूरती के बीच यादगार फोटोग्राफी कर सकते हैं।

**आसपास घूमने की जगहें:** सरलपारा के आसपास कई ऐसी शानदार और मनमोहक जगहें मौजूद हैं। जिसकी खूबसूरती आपको चंद मिनटों में दीवाना बना सकती है। सरलपारा के आसपास आप बोरनोखोरी गांव, बेटीया जंगल, टी गार्डन और गौरांग नदी जैसी खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

# अपर बॉडी है हैवी, ये सीक्रेट टिप्स दिलाएंगी परफेक्ट और बैलेंस लुक

हम सभी अक्सर सोचती हैं कि अगर हम मॉर्डन या डिजाइनर आउटफिट खरीदेंगे, तो इससे हमारा लुक काफी ज्यादा स्टनिंग नजर आएगा। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं होता है। किसी भी आउटफिट में स्टाइलिश और ट्रेंडी दिखने के लिए जरूरी है कि सही कपड़ों को चयन किया जाए। ऐसे कपड़े जो न सिर्फ स्टाइलिश हों बल्कि आपकी बॉडी को बैलेंस्ड दिखाएं। वहीं ऐसे आउटफिट जो बॉडी की खामियों को छिपाकर आपकी खूबियों को हाइलाइट करें। अगर आपकी अपर बॉडी हैवी है, तो ऐसे आउटफिट्स पहनने पर विचार करें, जोकि आपकी लोअर बॉडी की तरफ सबका ध्यान खींचे। ऐसे आउटफिट कैरी करना चाहिए, जिससे बॉडी काफी हद तक बैलेंस्ड नजर आएगी। इसका मतलब यह बिल्कुल भी नहीं है कि आपको अपर वियर में बिल्कुल ही बोरिंग कपड़े पहनने हैं। बस जरूरत है कि आप सही कलर चुनने के साथ स्टाइल को भी चुनें और हर बार अपने लुक को खास और बैलेंस्ड बनाएं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे आउटफिट आइडियाज के बारे में बताने जा रहे हैं, जोकि अपर बॉडी पर काफी ज्यादा अच्छे लगेंगे।

**ऐसा हो अपरवियर:** अगर आपकी अपर बॉडी हैवी है तो आप कुर्तियां और टॉप्स पहन सकती हैं। लेकिन इन्हें आपको स्मार्टली चुनना चाहिए। प्रयास करें कि नेकलाइन वी नेक, स्कूप, स्वीटहार्ट या डीप राउंड नेक हो। क्योंकि यह बॉडी को लंबा दिखाते हैं और इस तरह से कंधे और बस्ट भी हल्के नजर आते हैं। स्लीव्सम में आप 3/4 स्लीव्स से लेकर कोई भी हल्की फ्लेयर्ड स्लीव्स कैरी कर सकती हैं। आप स्लीव्स बहुत टाइट फिटिंग वाली नहीं पहननी चाहिए। अगर टॉप के कलर की बात की जाए, तो आप अपर वियर में डार्क कलर जैसे नेवी ब्लू, ब्लैक, वाइन या डार्क ग्रीन कैरी कर सकती हैं। यह आपको स्लिम लुक देंगे।

**ऐसा हो लोअर वियर:** अगर आपकी अपर बॉडी हैवी है, तो आपको ऐसे आउटफिट पहनने चाहिए। जिससे हर किसी का ध्यान आपकी अपर बॉडी पर नहीं बल्कि लोअर बॉडी पार्ट पर जाए। ऐसे में आप लोअर वियर फ्लेयर्ड स्कर्ट्स और ए-लाइन पहन सकती हैं। यह बॉडी के निचले हिस्से में वॉल्यूम बढ़ाकर ऊपरी हिस्से को बैलेंस करती हैं। इसके साथ ही आप वाइड लेग पैंट, प्लाजो और बूटकट जींस आदि पहनकर बॉडी को बैलेंस्ड लुक दे सकती हैं। अपर बॉडी हैवी होने पर कभी भी स्किनी जीन्स और पेंसिल स्कर्ट्स नहीं पहनना चाहिए, क्योंकि इससे आपका निचला हिस्सा अधिक स्लिम दिखेगा। ऐसे में अपर बॉडी और भी हैवी महसूस होगी।

**साड़ी को ऐसे करें स्टाइल:** अगर आप भी उन महिलाओं में शामिल हैं, जिनको एथनिक वियर पहनना पसंद है, तो आप साड़ी पहन सकती हैं। साड़ी में जॉर्जेट, शिफॉन और क्रेप जैसे फैब्रिक चुनें। साड़ी को स्टाइल करते समय हैवी ब्लाउज पहनने से बचना चाहिए। कोशिश करें कि इस दौरान पल्लू लंबा और स्लिम प्लीट्स वाला हो। इससे आपकी अपर बॉडी स्लिम महसूस होती है।



# पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने अपर मंडलायुक्त को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी



**सहारनपुर।** मंडल अध्यक्ष ने किया तीनों जनपदों का नेतृत्व, सरकार को गिनाई समस्यायें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर बुधवार को मंडल अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्रकारों के पांच सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन पत्र अपर मंडलायुक्त को सौंपा। संगठन के मंडल अध्यक्ष ओमवीर सिंह ने ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र सिंह के आह्वान पर बुधवार को मंडलायुक्त कार्यालय पर कमिश्नर की अनुपस्थिति में अपर मंडलायुक्त को पांच सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन पत्र में अवगत कराया गया है कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील, ब्लाक तथा कस्बों में कार्यरत पत्रकारों का सर्वाधिक संख्या वाला पंजीकृत संगठन है। सरकार की सभी नीतियों को गांव में अंतिम छोर तक पहुंचाने सतत प्रयास ग्रामीण पत्रकार करता है।

संगठन ने अपने ज्ञापन पत्र के माध्यम से मांग की है कि प्रदेश में मान्यता समिति और विज्ञापन समिति में संगठन के दो-दो प्रतिनिधि रखें जाये। ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं के लिए पत्रकार आयोग का गठन किया जाये। प्रदेश की राजधानी लखनऊ में संगठन का कार्यालय दारूल शफा अथवा ओसीआर में आवंटित किया। तहसील और ब्लाक स्तर पर मान्यता के लिए प्रावधान में संशोधन किया जाये साथ ही परिवहन और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जाये। ज्ञापन में यह भी मांग की गयी है कि गैर मान्यता प्राप्त ग्रामीण पत्रकारों को चिकित्सा सुविधा के प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जाये। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश सदस्य रोहिताश्व कुमार वर्मा, सहारनपुर जनपद का नेतृत्व कर रहे प्रशासनिक महामंत्री नवाजिश खान, जिलाध्यक्ष आलोक तनेजा वेद प्रकाश पाण्डेय, आलोक अग्रवाल, संजय चौधरी मोनू कुमार, विनोद कश्यप, राजकुमार जाटव, जितेंद्र मेहरा, रमेश सैनी, मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष संजय राठी, गय्यूर मलिक, राहुल कुमार, अनु सैनी, नूर मोहम्मद, वसीम अहमद, बिलाल अख्तर, अरविन्द कौशिक, सुधीर चौधरी, तारा चंद सैनी, महराब चौधरी, सचिन सहित तमाम पत्रकार शामिल रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

नूरपुर : सरस्वती शिशु मंदिर नूरपुर में मनाया गया सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम विद्यालय में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नूरपुर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने अध्यक्षता की। ममता चौहान नूरपुर मुख्य अतिथि सरस्वती शिशु मंदिर चांदपुर और गंज से पधारी अर्चना उपासना और डॉ शीला राणा मुख्य वक्ता रही कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केंद्र विद्यालय की पुरातन छात्राओं द्वारा ऐतिहासिक वीरांगनाओं के स्वरूप से संबंधित वक्तव्य रहे कार्यक्रम का संचालन पूनम चौहान तथा कार्यक्रम प्रश्नोत्तरी कविता ने दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुधीर कुमार द्वारा आगंतुक अतिथियों का स्वागत और सत्कार किया गया।

# मिशन शक्ति टीम महिलाओं और बालिकाओं को कर रही जागरूक



वेलकम इंडिया

अगौता/ बुलंदशहर/बुधवार को अगौता थाना पुलिस ने गढ़िया मार्केट, कस्बा अगौता, में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत उप निरीक्षक रेखा यादव हैंड्ड काड्ड अंजू व मिशन शक्ति व साइबर टीम द्वारा साइबर फ्रॉड से बचने तथा महिलाओं व बालिकाओं को सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बैंकिंग कॉपोरेंडेंट सखी रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष राष्ट्रीय पोषण मिशन प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

तथा विभिन्न हेल्प लाईन नंबरों जैसे 1090 महिला हेल्प लाइन नंबर 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 112 पुलिस हेल्प लाइन नंबर1930 साइबर हेल्प लाइन नंबर 181 महिला हेल्प डेस्क नंबर 102 एंबुलेंस हेल्प लाइन नंबर की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। उधर थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार चौहान ने बताया है कि थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर मिशन शक्ति टीम रोजाना छात्राओं और महिलाओं को टीम जागरूक कर रही है।

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 33,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा से दडिंत कराया गया

**बुलंदशहर**/अभियुक्त शावेज पुत्र अब्दुल निवासी मौ0 दौजी वाली पोखर मुफ्तीवाडा थाना शिकारपुर जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष–2017 में थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत निवासी वादिया की नाबालिग लडकी के साथ दुष्कर्म करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी। जिसके संबंध में दिनांक 21.10.2017 को थाना कोतवाली नगर पर मुअसं– 1416/2017 धारा– 376/363/366 भादवि व 04 पोक्सो अधि0 पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 15.12.2017 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलंदशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई। जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध 02 गवाह परिक्षित हुए, जिसके परिणामस्वरुप बुधवार को न्यायाधीश ओम प्रकाश वर्मा ( मा0 न्यायालय स्पेशल पोक्सो एक्ट जनपद बुलन्दशहर ) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त शावेज को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 33,000/– रुपये के अर्थदण्ड की सजा से दंडित कराया गया।

# मिशन शक्ति टीम ने विद्यालय में छात्र-छात्राओं को किया जागरूक



वेलकम इंडिया

रामघाट /बुलंदशहर/मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीम ने श्री भागीरथी बेदांग उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामघाट में महिला एसआई मोना अग्रवाल व महिला कांस्टेबल ज्योति अंकित द्वारा महिलाओं एवं छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जागरूक किया गया तथा सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई जिसमें कन्या सुमंगला योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बैंकिंग कॉपोरेंडेंट सखी रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष राष्ट्रीय पोषण मिशन प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा विभिन्न हेल्प लाईन नंबरों जैसे 1090 महिला हेल्प लाइन नंबर 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 112 पुलिस हेल्प लाइन नंबर 1930 साइबर हेल्प लाइन नंबर 181 महिला हेल्प डेस्क नंबर 102 एंबुलेंस हेल्प लाइन नंबर की जानकारी दी गई।

# वी.एस.एम. एकेडमी में 17 से 19 तक लगेगा पुस्तक मेला : हिमांशु चौधरी

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर।** शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन को दिशा देने का माध्यम है। इसी सोच के साथ वी.एस.एम. एकेडमी, नूरपुर में 17, 18 और 19 नवम्बर को भव्य पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अनुसार इस पुस्तक मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन की रुचि बढ़ाना और उन्हें शैक्षिक–साहित्यिक सुझाव उपलब्ध कराना है। मेले में देशभर की प्रतिष्ठित प्रकाशन संस्थाओं की शैक्षणिक, प्रतियोगी, साहित्यिक तथा बच्चों की पुस्तकों का प्रदर्शन और बिक्री होगी। प्रधानाध्यापक हिमांशु चौधरी ने बताया कि यह आयोजन विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों के लिए ज्ञान के आदान-प्रदान का एक उत्तम मंच होगा। मेले में विशेष पुस्तक प्रदर्शनी के साथ-साथ लेखक संवाद, कहानी-पाठ सत्र, पुस्तक-छूट ऑफर्स और बच्चों के लिए रचनात्मक कार्यशालाएँ भी आयोजित की जाएँगी। विद्यालय ने सभी विद्यार्थी, अभिभावक और शहर के पुस्तक-प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे इस तीन दिवसीय मेले में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर इस ज्ञानोत्सव को सफल बनाएं।

# वन्देमातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होन होने पर रैली का आयोजन




वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

## रैली को विद्यालय के प्रधानाचार्य जगराम सिंह ने झंडी दिखाकर प्रस्थान कराया

नूरपुर : सार्वजनिक आर्य इंटर कॉलेज फीना मे राष्ट्रगीत वन्देमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 32 यू पी एन सी सी बटालियन धामपुर के कमान अधिकारी कर्नल जी. एस. विद्यार्थी के दिशा निर्देश के अनुसार एन सी सी के कैडेटो द्वारा एक जनजागरूक रैली निकली गई। रैली को विद्यालय के प्रधानाचार्य जगराम सिंह ने झंडी दिखाकर प्रस्थान कराया। रैली कार्यक्रम मे लेफ्टिनेंट शशांक शर्मा, सेकंड अफसर भूपेंद्र सिंह एवं सूबेदार पल्जर भूटिया के निर्देशन मे किया गया।

# करालापालड़ी गांव में जलवायु अनुकूल कृषि की मिसाल

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, कृषि विज्ञान काफलीगैर द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद केन्द्रीय बारानी अनुसंधान संस्थान हैदराबाद के सहयोग से ग्राम करालापालड़ी को जलवायु परिवर्तन के प्रति संवेदनशील कृषि पर राष्ट्रीय नवाचार परियोजना के अंतर्गत चयनित किया गया। इस परियोजना का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के अनुकूल कृषि तकनीकों का प्रदर्शन कर किसानों को ऐसे तरीकों से परिचित कराना है, जिनसे बदलते मौसम में भी फसलों का नुकसान कम हो सके। परियोजना के तहत विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, अल्मोड़ा द्वारा विकसित फसलों वी.एल. गेहूं 967, वीएल. जौ 118, वीएल. मूसर 126 और वीएल. मंडुवा 376 का किसानों के खेतों पर प्रदर्शन किया गया, जिनसे कम पानी में भी अच्छा उत्पादन मिला। इसके साथ ही सब्जियों की उन्नत किस्में वी.एल. प्याज 3 और विवेक मटर 13 के अलावा फलों में ठंडे तापमान में उगने वाली सेब, कीवी और पर्सिमोन ( काकू ) की प्रजातियां भी किसानों को दी गईं। जल संरक्षण के लिए गांव में पॉलीटैंकों का निर्माण कराया गया। कीट नियंत्रण के लिए वी.एल. कुरमुला लाइट ट्रैप और जैव कीटनाशी का प्रदर्शन किया गया। पशुपालन के क्षेत्र में रबर काऊ मैट, बैकयार्ड मुगीर्पालन इकाइयां और हाइब्रिड नैपियर बहुवर्षीय चारा घास किसानों को उपलब्ध कराई गई। इनमें कृषि विज्ञान केन्द्र काफलीगैर, विवेकानन्द पर्वतीय कृषि अनुसंधान संस्थान हवालबाग और कीवी फार्म शामा डाना की यात्राएं शामिल रहीं।

# लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती समारोह अभियान के अंतर्गत स्याना विधानसभा में भव्य पदयात्रा का आयोजन

वेलकम इंडिया



**स्याना (बुलंदशहर)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती समारोह अभियान के अंतर्गत आज खानपुर से स्याना तक एक भव्य एवं विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सामाजिक सद्भाव का संदेश देना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी बसंत त्यागी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने की। एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद भोला सिंह रहे पदयात्रा के समापन पर आयोजित जनसभा को सभी अतिथियों ने संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिला प्रभारी बसंत त्यागी ने कहा – सरदार वल्लभभाई पटेल भारत माता के सच्चे सपूत थे, जिन्होंने अपने अदम्य साहस, त्याग और दृढ़ इच्छाशक्ति से देश की 562 रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लेना चाहिए। भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को एक भारत, श्रेष्ठ भारत के इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प करना चाहिए। भाजपा जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने कहा –लौह पुरुष सरदार पटेल जी ने हमें सिखाया कि जब राष्ट्रहित सर्वोपरि होता है, तब असंभव भी संभव बन जाता है। आज हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में एकता, सद्भाव और राष्ट्रप्रेम का वातावरण सशक्त बनाना है।

# आर आर पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया : टीकम सिंह

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा



**नूरपुर।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत आर आर पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने यातायात से संबंधित सावधानियां और नियमों के विषय में विस्तार से जानकारी प्राप्त करते हुए सुरक्षित जीवन की शपथ ली। यह कार्यक्रम यातायात पुलिस विभाग के सहयोग से संचालित हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत में यातायात अधिकारी संजीव कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। अधिकारियों ने बच्चों को बताया कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, सड़क पार करने के नियम, ट्रैफिक सिग्नलों की समझ और वाहन चलाते समय मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखना जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। छात्रों ने उत्साह पूर्वक अपने- अपने सवाल पूछे और अपने अनुभव साझा किए। स्कूल के उप प्रधानाचार्य टीकम ने विद्यार्थियों को उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि छोटी-छोटी सावधानियां कैसे जान बचा सकती है। उन्होंने कहा कि अगर आज के बच्चे नियमों को समझेंगे, तो कल का ट्रैफिक अनुशासित होगा। आप अपने स्कूल के एक होनहार छात्र, अपने माता पिता के चिराग और इस देश के महत्वपूर्ण नागरिक हैं। इसके आप संभलकर चलिए और सुरक्षित रहिए। पुलिस विभाग का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों में अनुशासन, जिम्मेदारी और सामाजिक जागरूकता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने जोर दिया सड़क सुरक्षा एक आदत है। जिसे हमें बचपन से सीखाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे न केवल स्वयं यातायात के नियमों का पालन करेंगे बल्कि परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे। कार्यक्रम का संचालन चंचल कटारिया ने किया। इस अवसर पर हरेंद्र कुमार, मिथुन लाल, नीरज त्यागी, विरेंद्र चौहान स्वाति यादव, संजीव डबास, कपिल कुमार, मुकुल शर्मा , कपिल बब्बर, तरूण गर्ग आदि उपस्थित रहे।

# डाइट मथुरा में खेलकूद प्रतियोगिता का समापन

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मथुरा में खेलकूद प्रतियोगिता और गणित प्रदर्शनी का समापन हुआ। इस समापन सत्र की औपचारिक शुरूआत मुख्य अतिथि डॉ मुकेश चंद्र अग्रवाल संयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा मंडल आगरा के आगमन से हुई। उसके बाद खेलकूद प्रतियोगिता का परिणाम घोषित करते हुए पुरस्कार वितरण समारोह जिसके तहत एथलेटिक्स के अंतर्गत 100 मीटर दौड़ बालक /बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः बल्देव, दिवाकर, विश्वविजय, राखी , सोनिया, बबली और गोला फेंक बालक/बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः सुमित, विश्वविजय, डार्विन, रवीना, सुमन, चंचल और लंबी कूद में बालक/बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः बल्देव, अनिकेत, अरुण, सोनिया, निशा, सुमन और चक्का फेंक में बालक/बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान क्रमशः सुमित, डार्विन, दीपेंद्र, सुमन, रवीना, दीपशिखा और वॉलीबॉल बालक वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान क्रमशः डीएलएड बैच 2023,2024 ने और बालिका वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान क्रमशः डीएलएड बैच 2023 एवं 2024 ने और खो -खो, कबड्डी, बैडमिंटन, टेबल -टेनिस और रस्सा कसी में बालक वर्ग बैच 2023 विजेता रहा इसी तरह बालिका वर्ग में खो -खो, बैडमिंटन में बैच 2023 विजेता रहा और बालिका वर्ग में कबड्डी, टेबल -टेनिस एवं रस्सा कसी में बैच 2024 विजेता रहा।

बालक/बालिका वर्ग में चैंपियनशिप बैच 2023 ने प्राप्त की। इस तरह ओवरऑल चैंपियनशिप डीएलएड बैच 2023 ने प्राचार्य डाइट डॉ.मुकेश चंद्र के कर कमलों से प्राप्त की। अंत में संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ मुकेश चंद्र अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि ₹अकेले मैं कुछ नहीं कर सकता और अकेले आप भी कुछ नहीं कर सकते हैं, हां हम सब मिलकर कुछ कर सकते हैं।

इस प्रतियोगिता को कराने के लिए ऑफिशियल्स के रूप में बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग से डॉ. पदम सिंह, सुरेश सिंह, बलभद्र सिंह, सीमा शर्मा, धीरेन्द्र सिंह, मनोज, उमेश शर्मा, हेमराज, लोकेश, तेग बहादुर, अनीता चौधरी, अखलाख, नटवर सिंह खेल मैदान पर मौजूद रहे।

## मतदेय स्थलों के आलेख्य प्रकाशन की सूचना

**मथुरा।** जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, उ०प्र० लखनऊ के पत्र संख्या-739/ सीईओ-2-09/2-2025 दिनांक 28-10-2025 द्वारा निर्गत निदेशों के क्रम में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-25 में दिये गये उपबन्धों के अनुसरण में निम्नलिखित तालिका में दिये गये 17-मथुरा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतदेय स्थलों की सूची का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 10 नवम्बर 2025 को कर दिया गया है, उक्त मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची जिला निर्वाचन कार्यालय मथुरा / समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / उप जिलाधिकारी (तहसील कार्यालयों) पर लोक अवकाश को छोड़कर सभी कार्यदिवसों में अवलोकन हेतु उपलब्ध हैं। विधानसभा वार आलेख्य प्रकाशित मतदेय स्थलों का विवरण निम्नवत्है, जिसमें 81 छाता में 417, 82 मांट में 458, 83 गोवर्धन में 401, 84 मथुरा में 509 तथा 85 बल्देव (अ0जा0) में 481 है।

# पशु आरोग्य मेला आयोजित : पशुओं के स्वास्थ्य की जांच कर दी गई दवाएं

**वेलकम इण्डिया संजीव कुमार गुप्ता**





**इटवा/सिद्धार्थनगर।** विकास खंड इटवा के ग्राम सभा खुखुड़ी में बुधवार को पं. दीन दयाल पशु आरोग्य मेला एवं शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 681 पशुओं (543 छोटे और 138 बड़े) के स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें दवाएं वितरित की गईं।

मेले का शुभारंभ उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी इटवा डॉ. जे.एल. चौधरी ने किया। इस दौरान इंद्र प्रताप शुक्ला ने गो पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया। डॉ. चौधरी ने पशुपालकों को सर्द मौसम में पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ठंड बढ़ने पर पशुओं के बचाव के लिए बेहतर इंतजाम किए जाएं और समय पर सभी टीके लगवाए जाएं। उन्होंने यह भी जोर दिया कि किसी भी पशु के बीमार पड़ने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल में उपचार कराया जाए, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही पशुओं के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती है। इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि अख्तर अली, जय प्रकाश सिंह, अजय कुमार, प्रभु शंकर यादव, फरहान, प्रेम तिवारी, अजय, राकेश मिश्र, सोनू और राजू सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप

### गन्ना वैरायटी विवाद को लेकर बीकेयू अराजनैतिक का प्रतिनिधिमंडल गन्ना सचिव से मिला



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** ग्राम पसवाड़ा के किसानों की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में बुधवार को गन्ना सचिव से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि गत वर्ष ग्राम पसवाड़ा का गन्ना केंद्र सिंभावली शुगर मिल के अंतर्गत था, लेकिन इस वर्ष केंद्र को चंदनपुर मिल में स्थानांतरित कर दिया गया है। सिंभावली मिल द्वारा गन्ना वैरायटी 1402 को नियमित रूप से स्वीकार किया जा रहा है।

### नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ देहात पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में वांछित/फरार चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस के अनुसार, अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज था और वह घटना के बाद से फरार चल रहा था। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार कर न्यायिक कार्रवाई हेतु अदालत में प्रस्तुत किया।थाना प्रभारी हापुड़ देहात ने बताया किअपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत किसी भी वांछित अभियुक्त को बख्शा नहीं जाएगा।

### पुलिस ने रेड अलर्ट चेकिंग में दो तस्कर किए गिरफ्तार, 2.5 किलोग्राम अवैध गंधक बरामद

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



**हापुड़।** जनपद हापुड़ पुलिस द्वारा अपराध की रोकथाम एवं विस्फोटक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस ने बुधवार को बड़ी सफलता हासिल की है।रेड अलर्ट के तहत की जा रही सघन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से लगभग 2.5 किलोग्राम अवैध गंधक (विस्फोटक पदार्थ) बरामद हुआ।थाना प्रभारी पिलखुवा ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि वे विस्फोटक पदार्थ कहां से लाए और कहां इसकी आपूर्ति करने वाले थे। पुलिस ने बरामद गंधक को कब्जे में लेकर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।जनपद पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि विस्फोटक पदार्थों की अवैध तस्करी व भंडारण करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# गन्ना भुगतान एवं मिलों में हो रहे भ्रष्टाचार को लेकर रालोद नेताओं ने सौंपा ज्ञापन



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** किसानों के गन्ना भुगतान में हो रही देरी और शुगर मिलों में हो रहे कथित घोटालों को लेकर राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के पदाधिकारियों ने आज जिला अधिकारी हापुड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क.फ.ढ अनुराग गोयल पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की गई।ज्ञापन सौंपने के दौरान मेरठ मंडल अध्यक्ष जीते चौहान, मंडल उपाध्यक्ष सब्बू चौधरी एवं मंडल प्रवक्ता नवदीप सिंह सहित रालोद के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष जीते चौहान ने कहा कि भ्रष्टाचारी क.फ.ढ अनुराग गोयल द्वारा शुगर मिलों में किसानों के हितों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जब तक उसकी जांच कर कार्यवाही नहीं की जाती, तब तक रालोद चैन से नहीं बैठेगा। आवश्यकता पड़ी तो हम प्रदेश मुखिया योगी आदित्यनाथ जी तक भी अपनी बात पहुंचाएंगे।

वहीं मंडल उपाध्यक्ष सब्बू चौधरी और मंडल प्रवक्ता नवदीप सिंह ने कहा कि यदि शीघ्र किसानों के गन्ना भुगतान की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई, तो किसान सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की मेहनत की कमाई पर डाका बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने वाले दो अभियुक्तों को मिली सजा

**बुलंदशहर।** मिशन शक्ति 5.0₹ अभियान एवं ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ अभियान के क्रम में बुलन्दशहर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म कर वीडियो वायरल करने के 02 आरोपियों को आजीवन कारावास व प्रत्येक को 40-40 हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा से दडिंत किए गए हैं। अभियुक्त विपिन पुत्र वेदराम सिंह 2.राहुल पुत्र जुगलकिशोर निवासीगण ग्राम रसूलपुर तौलिया उर्फ मैथना थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2022 में थाना जहांगीराबाद क्षेत्रान्तर्गत निवासी वादी की नाबालिग बहन के साथ दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर वायरल करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी।

# हापुड़ जिले में काले शीशे लगाकर चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध होगी सख्त कार्यवाही कलानिधि नैथानी

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



**हापुड़।** जनपद में मेरठ रेंज मे ऑपरेशन ब्लैक कैट अभियान की शुरूआत की गई है।इस अभियान के अंतर्गत कारों पर ब्लैक फिल्म/काले शीशे लगाकर चलने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

पुलिस उप महानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र कलानिधि नैथानी ने बताया कि यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना पुलिस की प्राथमिकता है, परंतु ब्लैक शीशे लगी कारों के सड़कों पर चलने की शिकायतें प्राप्त हुई है, जिससे अपराध की संभावनाएं बढ़ती हैं तथा महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसी के दृष्टिगत महिलाओं व आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु ह्लऑपरेशन ब्लैक कैटह्व आरंभ किया गया है।

इस अभियान के तहत ब्लैक शीशे वाले वाहनों की चेकिंग कर तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

डीआईजी मेरठ रेंज द्वारा रेंज के सभी पुलिस अधीक्षकों, ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों (सीओ) को निर्देशित किया गया है कि अभियान को गंभीरता एवं कड़ाई से लागू कराया जाए।उ

न्होंने यह भी कहा कि जहां भी काली फिल्म या टिंटेड ग्लास लगे वाहन पाए जाएंगे, उन्हें तत्काल सीज किया जाएगा तथा वाहन स्वामी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# स्वामी विवेकानंद हॉस्पिटल भेलूपुर में पराग मिल्क पार्लर का हुआ उद्घाटन




**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** वाराणसी के भेलूपुर स्थित स्वामी विवेकानंद अस्पताल परिसर में 12 नवम्बर बुधवार को पराग मिल्क पार्लर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संदीप चौधरी के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ` इस अवसर पर पराग डेयरी के प्रबंध निदेशक एस चंद्रशेखर ने बताया कि यह बूथ खुलने से हॉस्पिटल के मरीजों एवं क्षेत्रीय नागरिकों को बहुत लाभ मिलेगा उन्होंने बताया कि इस पराग मिल्क पार्लर पर दूध,दही,पनीर,देसी घी,लस्सी, बेसन लड्डू,लाल पेड़ा सहित पराग की सभी प्रोडक्ट उपलब्ध है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पराग डेयरी के मार्केटिंग हेड चंदन भारती,जील राठौर, सर्वेश त्रिपाठी अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर पी तिवारी,राजेश त्रिवेदी,निशा शर्मा,उषा त्रिवेदी,विजय शंकर पांडेय,प्रशांत शर्मा,आशीष सिंह, प्रदीप सोनकर सहित इत्यादि कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम पर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक




**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अनुसार जिलाधिकारी हापुड़ ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की।बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा 04 नवंबर 2025 से 04 दिसंबर 2025 तक की अवधि में बूथ लेवल अधिकारी (इछड) घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता के पास कम से कम तीन बार विजिट करेंगे। इस दौरान गणना प्रपत्र का वितरण एवं मतदाताओं के हस्ताक्षर प्राप्त कर प्रपत्रों का संकलन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि मुख्यालय, लखनऊ द्वारा 07 नवंबर 2025 को आयोजित गूगल मीट में यह निर्देश दिए गए कि 09 नवंबर 2025 को विशेष अभियान दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जिसके तहत गणना प्रपत्रों का अधिकतम वितरण कराया जाएगा।जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विशेष अभियान दिवस के दिन प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक सभी बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर कम से कम 200 मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित करें तथा अभियान की जानकारी समस्त संबंधित विभागों तक सुनिश्चित रूप से पहुँचाई जाए।

## दिल्ली हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि: बम विस्फोट की घटना पर जताया रोष

**मथुरा।** नई दिल्ली में लाल किले के पास हुई विस्फोट की घटना पर युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा ने रोष जताया है। इस घटना में मारे गए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी है। वर्मा ने इस जघन्य आतंकी कृत्य की निंदा करते हुए कहा कि ऐसे हमले न केवल निर्दोष मानव जीवन पर प्रहार हैं, बल्कि ये देश की एकता और अखंडता को भी चुनौती देते हैं।उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि इस हमले के दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई ऐसी घटना दोहराने का दुस्साहस न कर सके। वर्मा ने कहा कि कुछ लोग देश में छुपकर ऐसी गतिविधि करने की फिराक में रहते हैं ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाही की जानी चाहिए। वहीं बलभद्र पीठाधीश्वर आचार्य विष्णु महाराज, आचार्य मनीष गगार्चार्य, देव मोबाइल के ऑनर देव अग्रवाल ,मन्नू पुजारी, भानु पुजारी आदि ने भी घटना पर रोष जताया।

# गोवर्धन में 24वें विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का भव्य शुभारम्भ



**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** श्रीनाथ जी धमार्थ सेवा सोसाइटी, फरीदाबाद के सौजन्य से तथा कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, मथुरा के संयोजन में 24वें विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का भव्य शुभारम्भ श्रीराधा कृष्ण सेवा सदन, जतीपुरा, गोवर्धन में दीप प्रज्वलन एवं आरती के साथ सम्पन्न हुआ।

शिविर के उद्घाटन अवसर पर दीनबन्धु महाराज (सन्तनिवास) ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस समाज में दया, सेवा और परोपकार का भाव जागृत होता है, वही समाज उन्नति करता है। यह शिविर उसी भावना का जीवंत उदाहरण है। कल्याणं करोति वर्षों से यह महान कार्य कर रहा है, जिससे हजारों परिवारों के जीवन में उजाला आया है। मैं सभी सेवाभावियों से आग्रह करता हूँ कि समाज के इस पवित्र कार्य से जुड़ें और मानवता की सेवा में योगदान दें। उन्होंने शिविर की सफलता हेतु चिकित्सकों, दानदाताओं और स्वयंसेवकों के समर्पण को नमन किया। श्रीनाथ जी धमार्थ सेवा सोसाइटी, फरीदाबाद के अध्यक्ष जगदीश लाल भाटिया ने कहा, गोवर्धन की पावन धरा पर मानव सेवा का यह संकल्प लेना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। आज का दिन गौरवपूर्ण है कि हम 24वें नेत्र शिविर का शुभारम्भ कर रहे हैं। कल्याणं करोति नेत्र संस्थान का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवा पहुँचाना है, विशेषकर उन लोगों तक जो आर्थिक अभाव के कारण उपचार से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि नेत्र रोग से पीड़ित अधिक से अधिक लोग इस शिविर का लाभ उठाएँ और अन्य जरूरतमंदों को भी प्रेरित करें।

शिविर 12 नवम्बर 2025 से 16 नवम्बर 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से 3:00 बजे तक संचालित किया जाएगा, जिसमें नेत्र रोगियों की जाँच एवं भर्ती की जायेगी। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मोतियाबिंद, परवाल, ग्लूकोमा सहित अन्य नेत्र रोगों की जाँच, उपचार एवं ऑपरेशन पूर्णतः निःशुल्क किये जायेंगे। मोतियाबिंद रोगियों को निःशुल्क लेन्स प्रत्यारोपण की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। शिविर के प्रथम दिन आज कुल 356 मरीजों की नेत्र जाँच की गई, जिसमें से 186 मरीजों को ऑपरेशन हेतु भर्ती किया गया।ऑपरेशन हेतु चयनित मरीजों को पलंग, बिस्तर, भोजन, दवाइयाँ एवं देखभाल की सुविधा पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। चयनित मरीजों के ऑपरेशन कल्याणं करोति नेत्र संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा में सम्पन्न किये जायेंगे। ऑपरेशन हेतु आने वाले रोगी अपना मोबाइल नम्बर एवं पहचान पत्र की फोटो कॉपी अनिवार्य रूप से साथ लायें।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से दीनबन्धु महाराज जगलेश्वर महादेव, प्यारे लाल पाण्डेय (सचिव), गुलशन लाल भाटिया (कोषाध्यक्ष), रमेश अग्रवाल, मदन भाटिया, सोहन लाल, रमेश शर्मा (भोलू), कमल अग्रवाल, राकेश दीवान, एम. पी. शेखावत (प्रबन्धक), निरूपम भार्गव, हर्देश कुमार शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं शिविर आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# एनसीआरटीसी ने दुहाई स्थित नमो भारत डिपो में आरंभ की 'सोलर ऑन ट्रैक' योजना

**वेलकम इंडिया/उज्जवल रस्तौगी**



**मेरठ।** नमो भारत की आधुनिक परिवहन प्रणाली के लिए सतत एवं ऊर्जा-कुशल संचालन सुनिश्चित करने की दिशा में एक अग्रणी कदम उठाते हुए, एनसीआरटीसी ने दुहाई स्थित नमो भारत डिपो में एक 'सोलर ऑन ट्रैक' की नई योजना की शुरूआत की है, जहाँ नमो भारत की पटरियों पर सोलर पैनल लगाए गए हैं। यह भारत में किसी भी आरआरटीएस या मेट्रो प्रणाली में अपनी तरह की पहली पहल है।

इस पायलट योजना के अंतर्गत, दुहाई स्थित नमो भारत डिपो में पिट व्हील ट्रैक पर सोलर पैनल्स इंस्टॉल किए गए हैं। यहाँ लगभग 70 मीटर लंबे ट्रैक पर 550 वाट पीक के 28 सोलर पैनल लगाए गए हैं, जिनकी कुल संयंत्र क्षमता 15.4 किलोवाट पीक है। इस पहल से अनुमानित है कि प्रतिवर्ष लगभग 17,500 किलोवाट ऊर्जा उत्पन्न होगी, जिसके परिणामस्वरूप हर साल 16 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी अनुमानित है।

'सोलर ऑन ट्रैक' की यह पहल, नमो भारत के संचालन में नवीन और सतत प्रथाओं को अपनाने की एनसीआरटीसी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस पहल द्वारा न केवल ट्रैक के अप्रयुक्त स्थान का उपयोग किया जा सकेगा, बल्कि यह एनसीआरटीसी के उस बड़े लक्ष्य को पूरा करने में भी अभूतपूर्व योगदान देगी, जहाँ वह अपने सभी प्रतिष्ठानों में नेट जीरो ऊर्जा खपत सुनिश्चित करना चाहता है। एनसीआरटीसी का लक्ष्य है कि इसकी कुल ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग 70% नवीकरणीय स्रोतों से पूरा किया जाए। इसके लिए अपनी सौर नीति के तहत, एनसीआरटीसी स्टेशनों, डिपो और अन्य भवनों की छतों पर 15 मेगावाट पीक इन-हाउस सौर ऊर्जा उत्पन्न करने की योजना बना रहा है, जिसमें से 5.5 मेगावाट सौर ऊर्जा वर्तमान में उत्पन्न की जा रही है। यह पहल इस दिशा में उठाया गया एक और महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही, ट्रैक्शन के लिए उपयोग की जाने वाली नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं।

अपनी सौर नीति के तहत, एनसीआरटीसी का लक्ष्य है कि सौर ऊर्जा उत्पादन के माध्यम से अपने पूरे सिस्टम में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी को बढ़ाया जाए। यह पहल राष्ट्रीय सौर मिशन के उद्देश्यों के अनुरूप है और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के साथ-साथ राष्ट्र के लिए स्वच्छ, सतत ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने की एनसीआरटीसी की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।

एनसीआरटीसी, सतत विकास पर निरंतर ध्यान केंद्रित करते हुए, प्रयासरत है कि नमो भारत के लिए ऊर्जा-कुशल संचालन सुनिश्चित करे एवं सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिल सके। इसी क्रम में, सोलर पावर प्लांट्स की स्थापना के साथ-साथ, नमो भारत कॉरिडोर पर वर्षा जल संचयन प्रणालियों और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स के लिए भी प्रावधान किए गए हैं।

## अभियान के दौरान पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया



**अफजलगढ़।** एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया है। बुधवार को एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र में अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार पकड़े गए वारंटी बब्बू खान पुत्र मोहम्मद साबिर निवासी गांव मेघपुर थाना अफजलगढ़ को गिरफ्तार किया। गंभीर चोट पहुंचाने या मारने के प्रयास सहित अन्य संबंधित धाराओं के मामले में वांछित था। इस अवसर पर गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक शिवम तायल के आलावा हेड कांस्टेबल विपिन मान तथा कांस्टेबल सुरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल की देन है विराट और विस्तृत भारत का स्वरूप : भूपेन्द्र चौधरी



**विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया**

**प्रतापगढ़।** लालगंज, सरदार पटेल की 150 वी जयन्ती पर रामपयर खास विधान सभा पहुचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि भारत के शिल्पकार, आजादी के नायक, देश के पहले गृहमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल का देश के निर्माण में अहम योगदान है।

आज हम जिस विराट और विस्तृत भारत का स्वरूप देख रहे हैं यह सरदार वल्लभ भाई पटेल की देन है। वह बुधवार को लालगंज कस्बे में सरदार पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च निकाले जाने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। सरस्वती विद्या मंदिर स्नातकोत्तर महाविद्यालय से निकले यूनिटी मार्च में पूर्व सांसद संगमलाल गुप्ता, पूर्व मंत्री प्रो.शिवाकांत ओझा के साथ समर्थक तिरंगा झंडा लेकर मौजूद रहे।

एसबीएम कॉलेज में आयोजित सभा में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहाकि सरदार पटेल के जीवन से सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। विद्यालय के बच्चों ने अपनी देशभक्ति गीतों की रंगारंग प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख रमेश प्रताप सिंह, सुरेश सिंह, नागेश प्रताप सिंह छोटे सरकार, ओमप्रकाश पांडेय, प्रतिभा सिंह, राजेश तिवारी आदि मौजूद रहे। सभा के समापन के बाद प्रदेश अध्यक्ष ने बवरिहा पहाड़पुर में मृतक अधिवक्ता रूद्र प्रताप पांडेय के घर पहुंचकर परिजनों से संवेदना प्रकट की।

## सार संक्षेप

### धूमधाम से मनाई काल भैरव अष्टमी



**मथुरा/गोवर्धन।** चूतर टेका स्थित भैरव वाटिका मैं काल भैरव अष्टमी को धूमधाम से मनाया गया। मंदिर परिसर को भव्य फूलों व दिव्य रंगोली बनाकर सजाया गया। बाबा भैरवनाथ को अनेक प्रकार के भोग भी लगाए गए। इस अवसर पर भागवत प्रवक्ता गौरव अविरल शास्त्री ने बताया कि भैरवनाथ कलयुग के जागृत देव है, मार्गशीर्ष कृष्ण अष्टमी को काल भैरव जयंती के रूप में मनाया जाता है, काल भैरव को कल्प काल में सिद्ध व सर्वस्व मनोकामना पूर्व करने वाला कहा गया है, आज के दिन जो कालभैरव अष्टक का पाठ करता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। गोविंद अग्रवाल, नवनीत अग्रवाल, पंडित प्रशांत लवानिया ,मोहित लवानिया, शिवराम, श्याम बाबू काका, गोपेश सोनी, हिमांशु, चेतन शर्मा, अमित कुमार, तेज प्रकाश,आकाश, निखिल वार्ष्णेय, शुभम वार्ष्णेय, अंकित गुप्ता आदि ने बाबा की आरती कर प्रसाद ग्रहण किया।

### विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत गणना प्रपत्र के वितरण हेतु जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक




**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के जिलाधिकारी ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई ह्न उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के द्वारा अवधि में बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर (प्रत्येक मतदाता के पास कम से कम 3 विजिट) गणना प्रपत्र वितरित करने एवं मतदाता के हस्ताक्षरोपरान्त संकलित किये जाने का महत्वपूर्ण कार्य किया जाना है। तत्क्रम में आप अवगत हैं कि मुख्यालय, लखनऊ के द्वारा आयोजित की गयी गूगल मीट में गणना प्रपत्रों के अधिकाधिक वितरण हेतु विशेष अभियान दिवस का आयोजन कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं।अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि विशेष अभियान दिवस का आयोजन सम्बन्धी सूचना से समस्त सम्बन्धितों को अवगत कराते हुए प्रातः 09.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक की अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से घर-घर जाकर कम से कम 200 मतदाताओं को गणना प्रपत्रों का वितरण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।

# नकली खाद का भंडाफोड़

## किसानों को ठगने की साजिश नाकाम



**वेलकम इंडिया**

**लखीमपुर खीरी।** किसानों को ठगने की बड़ी साजिश का खुलासा हुआ है। जिला कृषि अधिकारी की अगुवाई में कृषि विभाग की टीम ने थाना गोला क्षेत्र में छापेमारी कर नकली खाद का बड़ा भंडाफोड़ किया।

छापेमारी के दौरान एक पिकअप वाहन से 31 बैग डीएपी और 5 बैग जिंक सल्फेट बरामद किए गए। विभाग ने बरामद खाद को गोला पुलिस के सुपुर्द कर अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए तहरीर दी है अधिकारियों ने बताया कि किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की मिलावट से फसलों को भारी नुकसान पहुंच सकता है।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे खाद केवल अधिकृत विक्रेताओं से बिल सहित ही खरीदें और किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को दें।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों की समस्याओं का त्वरित हो समाधान : डीएम

**वेलकम इंडिया**




**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रथम पीढ़ी के उत्तराधिकारियों की समस्याओं के निस्तारण हेतु बैठक आयोजित हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेकर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें तथा शासन स्तर पर लंबित प्रकरणों का नियमित फॉलोअप कर उत्तराधिकारियों को प्रगति की जानकारी दी जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि जिन उत्तराधिकारियों के पेंशन या परिचय पत्र लंबित हैं, उनकी प्रक्रिया एक सप्ताह में पूर्ण की जाए। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि 25 दिसम्बर तक सभी ग्राम पंचायतों में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम शिलापट पर अंकित कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। साथ ही, शहीद स्मारक पर छत निर्माण व नाम सत्यापन कर जोड़ने के निर्देश जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को दिए गए।

जिलाधिकारी ने स्वन्त्रता संग्राम सेनानी महेंद्र सिंह करायत के उत्तराधिकारी फौजी और जोशी पालडी क्षेपं सदस्य फौजी फतेह सिंह करायत की शिकायत को गम्भीरता से सुना, क्षेपं सदस्य फतेह सिंह ने गांव में जंगली जानवरों का आतंक होने, रात्रि पथप्रदर्शक हेतु चार स्ट्रीट लाइट लगाने,गांव में क्रिया घर के समीप सोलर पंप लगाने,वर्ष2005 से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महेंद्र सिंह के नाम से स्वीकृत सड़क पालड़िछिना जैनकरास कनगाड़छीना मोटर मार्ग में आमरण अनशन के बाद पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. चन्दन राम दास द्वारा सड़क को जल्द कनगाडछीना मिलाने के आश्वासन के बाद अब तक सड़क का निर्माण कार्य अधूरा ही होने, अधिकारियों द्वारा लेट लतीफी करने के आरोप लगाते हुए अधूरी बनी सड़क का निर्माण कार्य को पूर्ण कराने, पालड़िछिना में संचार सुविधा दुरुस्त करने हेतु4जी टावर लगाए जाने की मांग की।

## जगजीवन राम छात्रावास जल्द कैंपस को हस्तांतरित करे कार्यदायी संस्था

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बुधवार को बीडी पांडे कैंपस परिसर में निर्मित बाबू जगजीवन राम छात्रावास के हस्तांतरण से संबंधित बैठक ली। उन्होंने कार्यदायी संस्था निर्माण इकाई, उत्तराखंड पेयजल को निर्देशित किया कि छात्रावास भवन को पूर्ण विवरण सहित शीघ्र कॉलेज प्रशासन को यथास्थिति हैंडओवर किया जाए। साथ ही, फाइल गुम होने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए ।जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी को भवन का थर्ड पार्टी निरीक्षण कराने के निर्देश दिए, तांकि गुणवत्ता और संरचना की स्थिति का सत्यापन हो सके। उन्होंने कॉलेज निदेशक को भवन यथास्थिति टेकओवर करने व आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा।

# ग्रामीण युवाओं हेतु सात दिवसीय समेकित कृषि प्रणाली विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**वेलकम इंडिया**





**बागेश्वर, गोविन्द मेहता।** कृषि विज्ञान केन्द्र, काफलीगैर द्वारा पर्वतीय क्षेत्र में उद्यमिता विकास हेतु एकीकृत कृषि प्रणाली का महत्व एवं संभावनाएं विषय पर ग्रामीण युवाओं हेतु सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 28 अक्टूबर से तीन नवम्बर तक आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषकों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक एवं बहुआयामी खेती से जोड़कर अपनी आय के स्रोतों को बढ़ाने के टिप्स दिए गए। प्रशिक्षण में ग्राम औखलीसिरोद, करासीबुंगा, झिरौली, चौगांवछीना, उडेरखानी एवं लोब के 30 अनुसूचित जाति के ग्रामीण युवाओं ने प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण में विशेषज्ञों के व्याख्यान के अलावा प्रतिभागियों को सफल कृषकों के प्रक्षेत्र में भ्रमण कराकर प्रगतिशील कृषकों द्वारा अपने कार्य एवं अनुभवों को प्रतिभागी कृषकों के साथ साझा किया गया। व्याख्यान देने वाले विशेषज्ञों में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डा. राज कुमार ने संरक्षित वातावरण में सब्जी उत्पादन एवं फलों संबंधी जानकारी दी।

प्रशिक्षण समन्वयक एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ पशु विज्ञान डा.एन.के.सिंह ने पर्वतीय क्षेत्रों में डेयरी व्यवसाय, मुर्गी पालन, बकरी पालन, प्राकृतिक खेती एवं चारा उत्पादन के विषय पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला।

विषय वस्तु पादप सुरक्षा विशेषज्ञ डॉ.हरीश चन्द्र जोशी ने कीट एवं रोग प्रबंधन, मशरुम उत्पादन एवं मधुमक्खी पालन विषय पर जानकारी दी। जिला पशुपालन विभाग से मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा.के.के.जोशी, मत्स्य पालन विभाग से जिला मत्स्य अधिकारी मनोज सिंह मियान, उद्यान विभाग से जिला उद्यान अधिकारी हरीश चन्द्र आर्या, कृषि विभाग से उप-परियोजना निदेशक, आतमा धीरज बिष्ट ने अपने विभागों की योजनाओं के साथ-साथ पर्वतीय क्षेत्रों में समेकित कृषि के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# भाजपा की वोट काटने की सियासत जारी सपा करेगी मुकाबला : रेहान खान

**वेलकम इंडिया**



**लखीमपुर खीरी।** लखनऊ 12 नवम्बर 2025 को समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को प्रदेश सचिवों की अहम बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने की। बैठक में आगामी 2027 के विधानसभा एवं संसदीय चुनावों को लेकर संगठन की रणनीतिक तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई। अखिलेश यादव ने कार्यकताओं से कहा कि वे जनता के बीच जाकर सपा की नीतियों, उपलब्धियों और जनहित के मुद्दों को साझा करें। उन्होंने कहा कि भाजपा जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटकाने की कोशिश कर रही है, लेकिन समाजवादी कार्यकताओं को गांव-गांव जाकर सच्चाई सामने रखनी होगी।

बैठक में प्रदेश सचिव रेहान खान ने कहा कि भाजपा रकफ को लेकर नई सियासी रणनीति बना रही है और पड़ा (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) वर्ग के वोटों को काटने की साजिश कर रही है। उन्होंने कहा, जो वोट बीजेपी काटेगी, हम उन्हें कटने नहीं देंगे।

सपा कार्यकर्ता हर गांव और मोहल्ले में जाकर लोगों को जागरूक करेंगे और बीजेपी की चालों का पदार्फाश करेंगे। रेहान खान ने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती के साथ 2027 के चुनाव मैदान में उतरने जा रही है। पार्टी का लक्ष्य हर वर्ग और समुदाय तक अपनी बात पहुंचाना है ताकि भाजपा की भ्रामक राजनीति को नाकाम किया जा सके। बैठक में यह भी तय हुआ कि सपा जल्द ही जनजागरूकता अभियान शुरू करेगी। इस अभियान के तहत बूथ स्तर तक कार्यकर्ता जनता से संवाद करेंगे और बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को उठाएंगे। इसके साथ ही मतदाता सूची सत्यापन, घर-घर संपर्क अभियान, और कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम की भी रूपरेखा तय की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि 2027 का चुनाव जनता बनाम सत्ता की लड़ाई होगा और समाजवादी पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर मैदान में पूरी मजबूती से उतरेगी।

# अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कोतवाली खलीलाबाद अन्तर्गत किया गया पैदल गश्त

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अजय सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात अभयनाथ मिश्रा के साथ थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं जनता में सुरक्षा की भावना को बढ़ाने हेतु मेंहदावल बाईपास से मधुकुंज तिराहा तक पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया।

पैदल गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोदय ने आम नागरिकों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया । आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत जनसामान्य से अपील किया जा रहा है कि वे अपने-अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरुर लगवाएं और कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें, जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके, आपका यह छोटा सा प्रयास कानून व्यवस्था बेहतर करने में बहुत कारगर होगा तथा फुटपाथ के किनारे ठेले तथा अनियमित तरीके से किये गये वाहन पार्किंग द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटाया गया । आम जनमानस को यातायात जागरुकता के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के साथ लोगों से अपील भी किया गया कि वे अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करें ।

इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद पंकज कुमार पाण्डेय, प्रभारी यातायात परमहंस सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर नहीं होगा समझौता

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों में प्रस्तावित मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि किसी भी स्थिति में कार्य की गुणवत्ता से समझौता न किया जाए तथा सभी निर्माण कार्य स्थायी और दीर्घकालिक हों। उन्होंने कहा कि नए निर्माण कार्य नवीन, उपयोगी और टिकाऊ होने चाहिए ताकि भविष्य में पुनः क्षति न हो। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि यदि किसी प्रभावित क्षेत्र में निर्धारित मानक के स्थान पर कोई वैकल्पिक या अधिक उपयुक्त निर्माण कार्य आवश्यक हो, तो विभाग अपने सुझावों सहित उचित औचित्य के साथ प्रस्ताव शासन को प्रेषित करें।

# बागेश्वर पुलिस अलर्ट, नगर में किया मार्च पास्ट

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर।** दिल्ली ब्लास्ट के बाद जिले की पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। बुधवार की शाम पुलिस ने नगर में मार्च पास्ट किया। जिले की सीमाओं से लेकर नगर क्षेत्र तक पुलिस टीमों द्वारा सघन चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली में हुए धमाके के बाद संभावित सुरक्षा खतरों को देखते हुए बागेश्वर जिले में सभी प्रवेश और निकास बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। हर आने-जाने वाले वाहन की कागजातों और सामान की बारीकी से जांच की जा रही है। किसी भी तरीके से संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर बनाई गई है। यातायात पुलिस, थानों की टीमें और खुफिया विभागपुलिस के मुखबिरों और सभी क्षेत्रों में आमजनमानसके साथ मिलकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाई जा रही हैं। इसी क्रम में नगर क्षेत्र मेंकोतवाली पुलिस और अन्य पुलिस की टुकड़ियों द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक अजय लाल साह और पुलिस उपाधीक्षक मुकेश शर्मा ने किया। इसमें कोतवाल अनिल उपाध्याय,कोतवाली,थाने के अधिकारी, पुलिस कर्मी और पीएसी जवान शामिल रहे। पुलिस टीम ने स्टेशन रोड से मार्च पास्ट शुरू किया,जहां कांडा रोड, कपकोट रोड और ताकुला रोड होते हुए नगर के प्रमुख मार्गों में मार्च पास्ट निकाला गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने आम जनता से अपील की कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु की सूचना तत्काल पुलिस को दें, तांकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। साथ ही पुलिस ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की भी अपील की।

# पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन मण्डलायुक्त को सौंपा



**बस्ती/संतकबीरनगर** प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन मण्डलायुक्त अखिलेश कुमार सिंह को सौपा। कार्यक्रम का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष बलराम त्रिपाठी ने किया। इस दौरान बस्ती, संत कबीर नगर व सिद्धार्थनगर सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे। मंडल आयुक्त अखिलेश सिंह ने कहा कि पत्रकारों से संबंधित समस्याओं को आज ही मुख्यमंत्री को संदर्भित कर दिया जाएगा। प्रदेश महामंत्री संजय द्विवेदी ने मंडल स्तर पर भी जिला स्थाई समिति के गठन की मांग की।

प्रदेश नेतृत्व के निर्देश मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन में प्रदेश में पत्रकार मान्यता प्राप्त समिति एवं विज्ञापन मान्यता समिति में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के दो -दो प्रतिनिधि सम्मिलित किया जाय। ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं (समाचार संकलन) के अध्ययन एवं निरुपण के लिए ग्रामीण पत्रकार आयोग का गठन किया जाय। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कार्यालय हेतु दारुल शफा अथवा ओसीआर में स्थान आवंटित किया जाय।

तहसील और ब्लॉक स्तर पर मान्यता के लिये किये गए प्राविधान में संशोधन करके मान्यता मानदंडों में आने वाले सभी दैनिक समाचार पत्रों के संवाददाताओं को मान्यता का मार्ग प्रशस्त किया जाय। परिवहन और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाई जाय, गैर मान्यता प्राप्त ग्रामीण पत्रकारों को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने हेतु प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना से आच्छादित किया जाने की मांग की गई है।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संजय द्विवेदी, जिलाध्यक्ष बस्ती अवधेश त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष सिद्धार्थनगर आलोक श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संतकबीरनगर सौरभ कुमार त्रिपाठी, महेन्द्र श्रीवास्तव, मुहम्मद परवेज अख्तर, सगीर खकसार, डा. एस. के. सिंह, राजेश सिंह विशेन, विवेक मिश्रा, दुर्गेश ओझा, रितेश बाजपेयी, राजेन्द्र दुबे, बेचू लाल अग्रहरी, संतोष कसौधन, अतुल सिंह, रबल कमलापुरी, आलोक मिश्रा, महबूब पठान, अतीक अहमद, राजेश सिंह, राजेश पांडेय, जी एच कादिर, राम पूजन सोनी, अश्विनी पाण्डेय, सतीश मिश्रा, परशुराम वर्मा, शैलेन्द्र उपाध्याय, उदयभान सैनी, सुशील दुबे, एजाज अहमद, खगेन्द्र नाथ मिश्रा, करीम मेहदावली आदि सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

## रंजिश में दंपति के साथ दबंगों ने की मारपीट

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ गुसाई निवासी एक दंपति के साथ गांव की आधा दर्जन लोगों ने रंजिश के चलते मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित दंपति ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव गढ़ गुसाई निवासी महिला संतोष देवी पत्नी ऊदल ने बताया कि वह अपने पति सहित मजदूरी कर अपने घर आ रहे थे। पीड़ित का आरोप है कि जैसे ही वह गांव के एक जन सेवा केंद्र के पास पहुंचे तो गांव के ही आधा दर्जन लोगों ने रंजिश के चलते पीड़ित पति-पत्नी को रोक लिया। और उनके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की शोर शराबा होने पर गांव के लोग मौके पर आ गए आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित दंपति का आरोप है कि आरोपियों ने पूर्व में भी रंजिश के चलते उनके साथ कई बार मारपीट की है। पुलिस ने पीड़ित दंपति का डाक्टरी परीक्षण करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

# समाजसेवी रिजवान मुनीर के नेतृत्व में किसानों ने किया प्रदर्शन




**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** किसान कल्याण केंद्र सेमरियावां पर बुधवार को गेहूं की बीज वितरण में अनियमितता और कालाबाजारी को लेकर किसानों ने समाजसेवी रिजवान मुनीर के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया। सुबह से ही सैकड़ों किसान बीज के लिए लाइन में लगे रहे, लेकिन गेट पर ताला लटका रहा। कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त हो गया। किसानों ने बताया कि शासन द्वारा ?936 प्रति बोरी का मूल्य तय है, लेकिन केंद्र पर ?1040 रुपए वसूले जा रहे हैं। इतना ही नहीं, इंचार्ज द्वारा रात में अपने चहेतों को बुलाकर बीज की काला बाजारी करने का आरोप भी किसानों ने लगाया है।

रिजवान मुनीर ने कहा कि अन्नदाता को ही बीज के लिए भटकना पड़े, यह बेहद शर्मनाक है। शासन को तत्काल जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि किसानों का शोषण बंद हो सके।

बीज की अनुपलब्धता और अफसरों की उदासीनता से नाराज किसान दोपहर तक धरने पर बैठे रहे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इस मौके पर इस दौरान रोहित कुमार, सईद अहमद, मो. सारिक, लाल जीवन, राम लगन, रियाज अहमद, मो. सज्जाक, केवल पाती, मालती देवी, विशाल कुमार आदि मौजूद रहे।

## मारपीट कर चोरी कर ले जाने का आरोप

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक महिला ने अपने परिवार के आधा दर्जन महिला पुरुषों पर मारपीट करते हुए पीढ़ी तक के घर का ताला तोड़कर हजारों की नगरी में जेवरात चोरी कर ले जाने का आरोप लगाया है पुलिस जांच में जुटी हुई है। बुधवार को कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी महिला वजीदा पत्नी यूनुस ने तहरीर देकर बताया कि उसके घर पर उसके परिवार के ही आधा दर्जन महिला पुरुष घुस गए और पीड़िता के साथ जमकर मारपीट की। आरोपियों ने पीड़िता के साथ मारपीट करने के बाद उसके घर का ताला तोड़कर घर में रखी हजार रुपए की नगदी और जेवरात भी चोरी कर अपने साथ ले गए। पीड़ित महिला ने थाने पर पहुंचकर आरोपी महिला पुरुषों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर कार्रवाई का आश्वासन देते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि महिला की तहरीर मिली है मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है पुलिस जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर महिला को दिया तीन तलाक

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी एक महिला ने अपने पति पर अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर तीन तलाक देने में अन्य ससुराल पक्ष के लोगों पर मारपीट करते हुए घर से निकलने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी महिला समीना पुत्री मतलूब ने बताया कि उसकी शादी तीन वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के सलेमपुर मार्ग निवासी सारिक पुत्र तैय्यब के साथ हुई थी। आरोप है की शादी के कुछ दिन बाद तो ठीक रहा उसके बाद से उसका पति एवं ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। आरोप है कि उसके पति ने दहेज में बुलेट बाइक व एक लाख रुपए की मांग करते हुए उसके साथ जमकर मारपीट की। विगत 7 नवंबर को उसके पति व ससुरालयों ने अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट कि जब अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी नहीं हुई तो उसके पति ने तीन तलाक देते हुए उसे उसके मायके में छोड़कर फरार हो गया। बुधवार को पीड़ित महिला ने आरोपी पति सहित ससुराल के कई महिला पुरुषों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित महिला को जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

## दो पक्षों के बीच हुई मारपीट महिला घायल



**कांधला।** कस्बे में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई है मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई है परिजनों ने घायल महिला का मेडिकल परीक्षण करने के बाद थाने पर तहरीर दी है।दूसरे पक्ष ने भी कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है। बुधवार को कस्बा निवासी मोहन और रजनीश में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई कासुनी के बाद दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले। मारपीट के दौरान मोहन पक्ष की महिला राधा गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला की गंभीर अवस्था को देखते हुए जिला अस्पताल है रेफर किया है। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के विरुद्ध आरोप लगाकर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। दूसरी और कस्बे के बाईपास मार्ग निवासी बाबर ने बताया कि कई लोगों ने उधारी के रुपए मांगने पर उसके साथ है मारपीट की है पीड़ित ने थाने पर तहरीर दी है।

## बिजली का तार टूटने से किसान का हजारों का नुकसान

**बुगरासी।** कस्बे में बुकलाना रोड पर कस्बे निवासी फरातुल्ला का मकान है जिसमें नलकूप लगा है। बुधवार सुबह बिजली का तार टूटकर गिरने से लाईन के नीचे रखी करेट जल गई जिससे उनका हजारो का नुकसान हो गया। फरातुल्ला ने बताया कि मै आम की फसल फरीदने का काम करता हूं।आम के लिए मैने करेट रखी हुई थी बिजली का तार टूटकर गिरने आग लग गई जिससे नीचे रखी करेटो में आग लग गई जिससे करेट जल कर राख हो गई। किसान को हजारों रूपए का नुकसान हुआ है। किसान ने विघुत विभाग की लापरवाही बताते हुए मुआवजे की मांग की है।

# शराब तस्कर गिरफ्तार, लाखों की नगदी व प्रतिबंधित शराब बरामद

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के गांव भभीसा में स्थित शराब के ठेके से एक शराब तस्कर को प्रतिबंधित शराब और लाखों रुपए की नगदी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ठेका संचालिका सहित पकड़े गए शराब तस्कर के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए पकड़े गए शराब तस्कर को जेल भेज दिया है।मंगलवार की शाम को मुखबिर ने पुलिस को सूचना दी कि क्षेत्र के गांव भभीसा में स्थित शराब के ठेके पर एक शराब तस्कर प्रतिबंधित शराब की तस्करी करने वाला है।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने शराब के ठेके पर पहुंचकर एक संदिग्ध युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पकड़े गए शराब तस्कर की तलाशी ली तो पकड़े गए शराब तस्कर के कब्जे से प्रतिबंधित आठ शराब की बोतल व छह पव्वे व दो लाख तेईस हजार तीन सौ साठ रुपए की नगदी बरामद हुई।पकड़े गए शराब तस्कर ने अपना नाम अजय कुमार वर्मा उर्फ मोनू पुत्र सतीश निवासी मोहल्ला रायजादगान कस्बा कांधला बताया है।

पुलिस पूछताछ में पकड़े गए शराब तस्कर ने बताया कि वह काफी समय से ठेका संचालिका कुसुम पत्नी विक्रम निवासी मुंडी खेड़ी जनपद सहारनपुर को प्रतिबंधित शराब की सप्लाई कर रहा था। पुलिस ने पकड़े गए शराब तस्कर सहित ठेका संचालिका कुसुम के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करते हुए बुधवार को जेल भेज दिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पकड़े गए शराब तस्कर के कब्जे से प्रतिबंधित शराब के साथ ही लाखों रुपए की नगदी बरामद हुई है। आरोपी व ठेका संचालिका के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## महिला के साथ दो मनचलों ने की छेड़छाड़

**कांधला। (मोहसिन रहमानी)** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी स्कूटी सवार महिला ने गांव के दो लोगों पर पीड़िता के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते ही आरोपियों के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि पीड़िता विगत मंगलवार की देर शाम अपने घर के बाहर गली में स्कूटी चला रही थी। पीड़िता का आरोप है कि तभी गांव के दो युवक पीड़िता के पास पहुंचे और पीछे से उसका हाथ पकड़ कर उसके साथ हाथापाई व छेड़छाड़ की हरकत करने लगे। पीड़िता ने आरोपियों की हरकत पर शोर मचा दिया। शोर मचाने पर पीड़िता के परिवार के लोग आ गए आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित महिला ने दोनों आरोपियों को के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।पुलिस आरोपी दोनों युवकों की तलाश में जुटी हुई है।

## पुलिस ने पोक्सो अधिनियम और बीएनएस के तहत वांछित बाल अपराधी गिरफ्तार



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान एवं आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर खलीलाबाद अजय सिंह के कुशल निर्देशन में, बुद्धवार को थाना दुधारा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

प्रभारी निरीक्षक, अरविन्द शर्मा, अपने हमराही कर्मचारी का० राधेश्याम गिरी, का० उदय प्रताप सिंह, तथा हे०का० चालक प्रमोद कुमार सिंह (सरकारी गाड़ी संख्या वढ58ऋ0223) के साथ थाना दुधारा के मु०अ०सं० 392/2025 की विवेचना के सिलसिले में कस्बा सेमरियावां में मौजूद थे।मुखबिर खास से सूचना मिली कि उक्त मुकदमे में नामजद विधि विरुद्ध कार्य करने वाला बालक सुनील पुत्र मोती लोध कस्बा बाघनगर प्लांट तिराहा के पास कहीं भागने की फिराक में वाहन का इंतजार कर रहा है।सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए, प्रभारी निरीक्षक मय हमराही टीम के साथ मुखबिर को लेकर तत्काल बाघनगर प्लांट तिराहा पहुँचे। पुलिस को देखकर उक्त बालक ने भागने का प्रयास किया, जिसे पुलिस टीम ने एकबारगी दबिश देकर पकड़ लिया। नियमानुसार पूछताछ में उसने अपना नाम सुनील पुत्र मोती लोध बताया।गिरफ्तारी के दौरान, पकड़े गए बालक की जामा तलाशी ली गई।

# डॉ घनश्याम सिंह पीजी कॉलेज के सात छात्राओं का कैंपस प्लेसमेंट में चयन




**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**


**वाराणसी।** क्यूस्पाइडर कम्पनी की ओर से डॉ घनश्याम सिंह पीजी कॉलेज सोयेपुर लालपुर में कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया जिसमें विज्ञान संकाय के कंप्यूटर साइंस,बीसीए एवं एमएससी बायोटेक के सैकड़ो छात्र छात्राओं नें भाग लियाे कम्पनी नें प्लेसमेंट के लिये तीन चरणों में छात्राओं की स्किल का असेसमेंट किया जिसमें ऑनलाइन इंटरव्यू,समूह चर्चा में 24 छात्रो का चयन किया। अंत में गहन मूल्यांकन एवं साक्षात्कार के बाद 7 छात्राओं को कंपनी हेतु उपयुक्त पाया जिसमें लिपाक्षी सिंह (एमएससी,बायोटेक),अदिति सिंह (बीएससी, सीएस),अपूर्वा तिवारी (बीसीए), सुचिता मौर्या (बीसीए), वैभवी मिश्रा (बीसीए),जस्मिता श्रीवास्तव (बीसीए), सायना वर्मा (बीसीए) का कैंपस प्लेसमेंट के तहत चयन हुआ।

महाविद्यालय के प्रबंधक नागेश्वर सिंह एवं प्रशासक संजीव सिंह नें सफल छात्राओं को बधाई देते हुए शुभकामनायें दी इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आनंद सिंह एवं कैंपस प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ संदीप कुमार राय नें कंपनी के प्रति आभार व्यक्त कियाे इस अवसर पर विज्ञान संकाय की अध्यक्ष डॉ ज्योति सिंह एवं बीसीए के विभागाध्यक्ष डॉ धीरेन्द्र कुमार दुबे मौजूद रहें।

## पति से नाराज पत्नी ने मैकेनिक की दुकान पर खड़ी कार में की तोड़फोड़

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**बिजनौर।** नजीबाबाद में पति से नाराज पत्नी ने मैकेनिक की दुकान पर खड़ी कार में की तोड़फोड़ यह घटना दिनांक 10-11-2025की शाम के 4बजे की है बाईपास मालन नदी हरिद्वार रोड शमशानघर के पास की है मैकेनिक की दुकान पर 3 दिन पहले गाड़ी सही होने आई थी दुकान के मालिक का नाम फुरकान पुत्र अमीर हसन ग्राम किशोरपुर उर्फ रम्मनवाला का हे जब मैकेनिक फुरकान ने पता किया तो उसने बताया कि यह मेरे पति की कार है और कार सुधरवाने के लिए तो पैसे हैं मेरे खर्चे के लिए पैसे नहीं है खड़ी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए पत्नी ने मैकेनिक ने तहरी देते हुए बताया 40000 हजार रुपए का नुकसान है मैकेनिक ने महिला तोड़फोड़ की जाने



की वीडियो भी बनाई है यह कार मालिक ग्राम शाहपुर का है कार मालिक का नाम धर्मेंद्र और जिस महिला ने कार में तोड़फोड़ की वह उसका नाम हिमानी है वह कार मालिक की पत्नी बता रही है यह सारी घटना थाना नजीबाबाद के हरिद्वार रोड शमशान घर के पास की घटना।

## थाना प्रभारी ने गणमान्य लोगों की बैठक कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील

**रामघाट/बुलंदशहर।** रामघाट थाना प्रांगण में बुधवार को नवागत थाना प्रभारी ने गणमान्य लोगों को साथ बैठक आयोजित कर दिशा निर्देश देते हुए गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील। नवागत थाना प्रभारी संदीप सिंह ने कहा है कि गांव में मनु मुटाव को खत्म करते हुए गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखें अगर गांव में कोई समस्या है तो हमको सीधे आकर बताएं लड़ाई झगड़ा बिल्कुल ना करें। राजनीति में आकर किसी व्यक्ति के खिलाफ झूठे प्रार्थना पत्र बिल्कुल नहीं दें अगर मामला झूठा पाया गया तो झूठा प्रार्थना पत्र देने वाले के खिलाफ भी कार्रवाई निश्चित होगी गांव में कोई अवैध कारोबार चल रहा है तो इसकी गुप्त सूचना तुरंत दें ओमवीर सिंह यादव ने बताया है कि गांव में आम रास्ते पर लोगों ने ट्रैक्टर बुग्गी आदि वस्तु से आक्रमण कर रखा है ग्रामीणों को निकलने के लिए बहुत परेशानी होती है उनको हटवाया जाए।

## औरंगाबाद में भूमाफियाओं की पौ बारह

# नगर पंचायत की गाटा संख्या 1436 पर अवैध कब्जा शुरू

**वेलकम इंडिया**

**औरंगाबाद /बुलंदशहर।** नगर पंचायत की बेशकीमती जमीनों पर भूमाफियाओं के अवैध कब्जे धड़ल्ले से बेखौफ जारी हैं। पैमाइश में हेर-फेर करने में माहिर राजस्व विभाग के छोटे बड़े अधिकारियों की मिली भगत से कस्बे में भूमाफियाओं की पौ बारह हो रही है।

ताजा तरीन मामला नवीन थाना परिसर के पिछवाड़े सूरजपुर टीकरी रोड पर नगर पंचायत की गाटा संख्या 1436 में अवैध कब्जे का प्रकाश में आया है। करोड़ों की इस भूमि पर असरदार भूमाफियाओं ने कुछ दिन पहले अवैध कब्जा करना शुरू किया था। शनिवार को कुछ जागरूक सभासदों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अधिकारी और राजस्व विभाग के आला अधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए अवैध कब्जा रुकवाने की मांग की। थाना दिवस में मौजूद राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जा रुकवा दिया था।

बुधवार को सैटिंग गैटिंग करके भूमाफियाओं ने उक्त जमीन पर फिर से काम शुरू करा दिया। नगर पंचायत के कुछ सभासदों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों व नगर पंचायत के सर्वेसवाओं से संपर्क किया तो टाल मटोल बात कही जाने लगी। लेखपाल नरेश कुमार ने खुद को अवकाश पर बताया। नायब तहसीलदार हेमंत सिंह ने फोन रिसीव करना ही गवारा नहीं समझा। तहसीलदार मनोज कुमार मीटिंग में व्यस्त बताये गये। अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर ने खुद को लखनऊ में व्यस्त बताया और कहा कि मामला संज्ञान में आया है। आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# पांटून पुल बनना हुआ शुरू किसानों ने जताई खुशी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**मंडावर।** हर वर्ष की भांति अबकी बार यानी छठी बार भी गांव राजारामपुर डैवलगढ़ के सामने गंगा नदी पर पांटून पुल यानि पीपे के पुल का कार्य शुरू हो गया है जिसमें किसानों में खुशी की लहर दौड़ गई अब से पांच वर्ष पूर्व सन 2020 में सदर विधायक शुचि मौसम चौधरी और क्षेत्र के किसानों की मेहनत रंग लाई थी। जिसमें सरकार ने ग्रामीणों की समस्याओं को देखते हुए राजारामपुर डैवलगढ के सामने गंगा नदी पर पांटून पुल यानि पीपे के पुल का शुभारंभकराया था जो बालावाली



से लेकर रावली तक के दर्जनों से अधिक गांवों के किसानों और मजदूरों के लिए यह पांटून पुल वरदान साबित हुआ इस पाटून पुल के बनने से किसानों को गंगा के उस पार अपने खेतो से गन्ना एवं अन्य फसलों को लेकर आने जाने के लिए बहुत सुविधा मिलती है। पुल के न होने की वजह से क्षेत्र के लोगों को नांव का सहारा लेना पड़ता था। जिसमें काफी परेशानी होती थी अब पांटून पुल पुल से किसानों को बहुत सुविधा मिली है। लेकिन अबकी बार पांटून पुल का कार्य नवम्बर महिने में शुरू हुआ जिसमें यह पुल अक्टूबर महिने में बनाया जाता था। और बरसात शुरू होने पर पांटून पुल को खोल दिया जाता है।

# डीपीएस मोदीनगर के टैलेंट कार्निवल के तीसरे दिन विश्व शांति की अनूठी झलक

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डी.पी.एस. मोदीनगर में आयोजित छः दिवसीय टैलेंट कार्निवल का तीसरा दिन विभाजित विश्व में शांति के मार्ग विषय पर आधारित रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति संध्या अवस्थी निदेशक एच आर डी सेंटर ( डी पी एस सोसायटी ) उपस्थित रहीं । इस अवसर पर विद्यालय के चैयरमेन डॉ विक्रम गांधी और विद्यालय की ट्रस्टी श्रीमति अनीशा गांधी भी उपस्थित रहीं ।

इस अवसर पर छात्रों ने भारत, अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, चीन, रूस, जापान, फ्रांस और जर्मनी जैसे विभिन्न देशों की संस्कृति, परंपराओं और विचारधाराओं को प्रदर्शित करते हुए यह संदेश दिया कि विविधता में ही एकता और शांति का सार निहित है। दूसरी और प्राथमिक विभाग में मनमोहक कार्यक्रम पर मनमोहक प्रस्तुति दी। छोटे बच्चों की मासूम अदाओं, भावपूर्ण संवादों और सजीव अभिनय ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा कहानी कहने की कला को एक सजीव अनुभव में बदल दिया। यह प्रस्तुति बच्चों की कल्पनाशक्ति, आत्म-विश्वास और भाषा कौशल को निखारने का सुंदर प्रयास रही।

मुख्य अतिथि श्रीमति संध्या अवस्थी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शांति केवल संघर्ष का अभाव नहीं, बल्कि यह आपसी सम्मान, सहिष्णुता और संवाद का परिणाम है। आज के बच्चे यदि करुणा और सहयोग की भावना से आगे बढ़ें, तो विश्व निश्चित रूप से अधिक शांतिपूर्ण और सुंदर बनेगा। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि डी.पी.एस. परिवार सदैव अपने छात्रों में वैश्विक दृष्टिकोण और मानवीय मूल्यों का समावेश करने का प्रयास करता है। इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों को न केवल रचनात्मकता बल्कि विश्व नागरिकता की भावना भी सिखाते हैं। ट्रस्टी श्रीमती अनीशा गांधी ने कहा कि आज के छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से यह सिद्ध किया है कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य शांति, समानता और सद्भाव के आदर्शों को जीवन में उतारना है।

प्रधानाचार्या डॉ ज्योति सिरोही ने कहा कि हमारे विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल शैक्षणिक रूप से सक्षम बनाना नहीं, बल्कि उन्हें एक संवेदनशील, जिम्मेदार और मानवता से पूर्ण नागरिक के रूप में तैयार करना है। आज की प्रस्तुतियाँ इस दिशा में एक सशक्त कदम हैं। पूरे दिन विद्यालय का वातावरण उत्साह और रचनात्मक ऊर्जा से भरा रहा। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के हैडमास्टर श्री अंकित गालयान के धन्यवाद ज्ञापन और शांति संकल्प के साथ हुआ, जिसमें सभी छात्रों और शिक्षकों ने विश्व में शांति, प्रेम और सहयोग की भावना को बनाए रखने का संकल्प लिया।

# वन नेशन वन इलेक्शन' विषय पर आज छात्र संसद का आयोजन



वेलकम इंडिया


**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** एस०आर०एम० इंस्टीट्यूट मोदीनगर में 13 नवंबर को 'स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन' विषय छात्र संसद का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी विशेष रूप से शिरकत करेंगे।

मेरठ कमिश्नरी के प्रत्येक नौ जिलों के प्रमुख डिग्री व इंटर कॉलेजों के चयनित छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। छात्र संसद का स्वरूप संसद की तरह होगा और सभी प्रक्रियाँ यथार्थ रूप में प्रस्तुत की जाएंगी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रयास पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, जिसके लिए निर्णायक मंडल में पूर्व न्यायाधीश व वरिष्ठ पत्रकार शामिल होंगे।

इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था, संवाद, विधायी प्रक्रिया और भारतीय संसद की कार्यप्रणाली का अनुभव प्रदान करना है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में वन नेशन वन इलेक्शन के राज्य प्रभारी अभिषेक कौशिक, हंस चौधरी प्रदेश सह संयोजक, जिला समन्वयक दिनेश सिंघल क्षेत्रीय सह संयोजक प्रज्जवल चौहान, जिला सह संयोजक विपुल शर्मा, भारतीय जानता युवा मोर्चा पश्चिम क्षेत्र के अध्यक्ष सुखविन्द्र सोम व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूर्व विभाग सह संयोजक विजय ठाकुर उपस्थित रहे।

# भाकियू यूनियन ने धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए गाड़ी के शोरूम पर दिया धरना



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** भारतीय किसान यूनियन टिकेत से जुड़े सैकड़ों पुरुष एवं महिला कार्यकताओं ने कम्पनी पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए गाड़ी के शोरूम पर ताला जड़ दिया। मोदीनगर कादराबाद स्थित गाड़ी के एक शोरूम पर भारतीय किसान यूनियन टिकेट नेताओं एवं महिला कार्यकताओं ने धरना प्रदर्शन किया। मोदीनगर कादराबाद स्थित गाड़ी के शोरूम पर किसानों ने गाड़ी खरीद फरोख्त मामले में मोटर कम्पनी पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया और अपनी मांगों को लेकर कंपनी व कम्पनी कर्मचारियों के खिलाफ धरना पर बैठ गए। प्रदर्शन कर रहे किसानों की मांग है कि किसान नेता विनोद यादव द्वारा गाड़ी के शोरूम से फॉर्च्यूनर गाड़ी खरीदी गई थी।

इस गाड़ी का इंजन एक हफ्ते बाद ही सीज हो गया था। जिसको लेकर किसानों का कहना है कि या तो गाड़ी बदलकर कंपनी दूसरी दे या फिर हमारे पैसे लौटाए जाए, नहीं तो इस मामले की सुनवाई न होने तक किसानों का अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। कम्पनी के किसी भी शोरूम को सुचारू रूप से चलने नहीं दिया जायेगा। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने मोदीनगर गाड़ी के शोरूम पर ताला लगा दिया। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व करने वालों में बाबा परमेन्द्र आर्य, नगर अध्यक्ष पवन उर्फ लालाराम, सुनील शाहजहांपुर, आदि उपस्थित रहे।

# मेरा युवा भारत के तहत ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिताएं आयोजन किया







वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** ह्यमेरा युवा भारत के अन्तर्गत युवा कार्यक्रम एवं युवा खेल मंत्रालय के सौजन्य से यहां गोविंदपुरी उपबस्ती स्थित महर्षि दयानंद इंटर कालेज में आयोजित भोजपुर ब्लाक स्तरीय विविध क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में विभिन्न आयु वर्गो के बालक-बालिकाओं ने 100 मीटर, 200 व 400 मीटर दौड़, खो-खो प्रति स्पर्धा में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नगर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली व उपशिक्षा निदेशक देवेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से क्रीड़ा प्रतियोगिताओं की शुभारीा किया।

विधायक डा0 मंजू शिवाच न बतौर मुख्य अतिथि खेल प्रतियोगिता के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए छात्र जीवन में खेलों की महत्ता बतायी। कालेज की प्रधानाचार्या डा0 अंशू सिंह ने आगुन्तक अतिथियों का स्वागत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में लक्ष्मी तथा 400 मीटर दौड़ में करण अव्वल घावक घोषित किए गए।

# स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर पर आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की सुविधा प्रारंभ की जायेगी : डॉ रवि


वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ रवि द्वारा बताया गया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से अब मरीजों के स्वास्थ्य अभिलेख डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेंगे तथा किसी भी सरकारी अथवा निजी स्वास्थ्य केंद्र पर उनका उपयोग आसानी से किया जा सकेगा। इस मिशन के तहत प्रत्येक मरीज को एक स्वास्थ्य आईडी प्रदान की जाएगी, जिससे उसकी चिकित्सा जानकारी एकीकृत रूप से उपलब्ध होगी।

इस सुविधा के शुरू होने से स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता, सुगमता और समय की बचत होगी। मरीजों को बार-बार कागजी रिपोर्ट लेकर आने की आवश्यकता नहीं रहेगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोजपुर अब डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ा चुका है, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त होंगी।

# बिना अनुमति फल-फूल रहा पुराने वाहनों का कारोबार



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिले में पुराने वाहनों की खरीद-फरोख्त का कारोबार इन दिनों बिना अनुमति और नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए तेजी से फल-फूल रहा है। शहर भर में ऐसे सैकड़ों डीलर खुलेआम कारोबार कर रहे हैं जिनके पास वाहन व्यापार के लिए अनिवार्य ट्रेड सर्टिफिकेट तक नहीं है। यह स्थिति न केवल सरकारी नियमों के उल्लंघन का उदाहरण है, बल्कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा और लेनदेन की पारदर्शिता पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रही है। जानकारी के मुताबिक, गाजियाबाद में सौ से अधिक पुराने वाहन डीलर ऐसे हैं जो बिना किसी वैध अनुमति के वाहन बेचने और खरीदने का काम कर रहे हैं। इनमें से कई डीलर ऐसे हैं जो न तो जिले के स्थायी निवासी हैं और न ही विभाग में पंजीकृत। आरटीओ सूत्रों के अनुसार, करीब 40 प्रतिशत डीलर बाहरी जिलों से आकर यह कारोबार कर रहे हैं, जिससे इनकी निगरानी और भी कठिन हो जाती है। आरटीओ कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, गाजियाबाद में प्रतिदिन औसतन 150 से अधिक वाहनों का स्वामित्व परिवर्तन (ट्रांसफर) होता है, जिनमें से लगभग 100 वाहन पुराने वाहन बाजार से खरीदे-बेचे जाते हैं। हैरानी की बात यह है कि इनमें से किसी भी डीलर ने आरटीओ से ट्रेड सर्टिफिकेट नहीं लिया है। कानून के अनुसार, किसी भी व्यक्ति या संस्था को यदि वह वाहन खरीदने-बेचने का व्यवसाय करता है, तो उसके पास ट्रेड सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। यह सर्टिफिकेट वाहन को अस्थायी रूप से वैध दर्जा देता है जब तक कि वाहन का नामांतरण अंतिम खरीदार के नाम पर न हो जाए। आरटीओ प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि अब तक किसी भी पुराने वाहन डीलर ने ट्रेड सर्टिफिकेट के लिए आवेदन नहीं किया है। विभाग ने केवल नए वाहन शोरूम संचालकों (लगभग 200) को ही यह प्रमाणपत्र जारी किया है। इससे स्पष्ट होता है कि जिले में पुराने वाहनों का व्यापार पूरी तरह से अनियमित और बिना नियंत्रण के संचालित हो रहा है। शहर के प्रमुख इलाकों नेहरू नगर, राज नगर, वसुंधरा, वैशाली, इंदिरापुरम और पुराने बस अड्डे क्षेत्र में पुराने वाहनों के बाजार खुलेआम सजते हैं। यहां रोजाना सैकड़ों ग्राहक अपने बजट के हिसाब से वाहन खरीदने आते हैं। अनुमान है कि जिले में करीब छह हजार से अधिक पुराने वाहन किसी न किसी डीलर के पास बिक्री के लिए खड़े रहते हैं।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा- एक ही बाइक पर सवार तीन नाबालिग दोस्तों की मौत

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** शहर में बीती रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा उस समय हुआ जब तीन नाबालिग दोस्त घूमने के लिए अपने घरों से निकले और वापस घर नहीं लौटे। दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर उनकी बाइक एक ट्रक में पीछे से जा टकराई, जिससे तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा इतना भयानक था कि बाइक ट्रक के पिछले हिस्से में बुरी तरह फंस गई और मौके पर मौजूद लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक तीनों बच्चे गाजियाबाद के शांतिनगर मोहल्ले के निवासी थे और देर रात घूमने के लिए एक ही बाइक पर सवार होकर लालकुआं की ओर जा रहे थे। जब वे आईपीएम कॉलेज के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार बाइक ने नियंत्रण खो दिया और सामने जा रहे ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों नाबालिगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

हादसे की खबर जैसे ही स्थानीय लोगों को मिली, मौके पर भीड़ जुट गई। कुछ लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर विजयनगर थाना प्रभारी शशी चौधरी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने तुरंत तीनों शवों को ट्रक के नीचे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, हादसे में शामिल ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। इस हादसे में जान गंवाने वाले तीनों बच्चे आर्यन (16 वर्ष) पुत्र राजेंद्र, भावुक तोमर (15 वर्ष) पुत्र परमेंद्र तोमर और मयंक (11 वर्ष) पुत्र कुलदीप थे। तीनों ही शांतिनगर, क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके के रहने वाले थे और आपस में गहरे दोस्त थे। बताया जा रहा है कि तीनों एक ही कॉलोनी में रहते थे और अक्सर साथ में खेलते-कूदते थे। रविवार की रात तीनों दोस्तों ने घर से कहा कि वे थोड़ी देर के लिए घूमने जा रहे हैं। देर रात तक जब वे वापस नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई। कुछ ही देर बाद हादसे की सूचना पुलिस द्वारा दी गई, जिसके बाद परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। तीनों घरों में मातम पसरा हुआ है, हर आंख नम है और पूरे शांतिनगर इलाके में सन्नाटा छाया हुआ है।

# किसानों के लिए खुशखबरी-मसूर बीज मिनिकिट का निःशुल्क वितरण शुरू

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जनपद के किसानों के लिए राहतभरी खबर आई है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (दलहन) योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा रबी वर्ष 2025-26 के लिए गाजियाबाद जिले को मसूर बीज मिनिकिट (ए.एल.-4729) आवंटित किया गया है।

यह मिनिकिट जिले के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों रजापुर, लोनी, मुरादनगर और भोजपुर में उपलब्ध हो चुका है। किसानों के बीच इसका निःशुल्क वितरण आरंभ कर दिया गया है। इस योजना का उद्देश्य है किसानों को उन्नत और रोग प्रतिरोधी बीज उपलब्ध कराकर दलहन उत्पादन में वृद्धि करना, जिससे न केवल कृषि आय बढ़े बल्कि पोषण सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके। इस योजना के तहत वितरित की जा रही मसूर बीज की किस्म ए.एल.-4729 प्रमाणित और उन्नत श्रेणी की है। यह बोल्ड दाने वाली मसूर की किस्म है, जिसकी उपज क्षमता 17 से 18 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक है। यह बीज उत्तर प्रदेश की जलवायु के लिए बेहद उपयुक्त मानी गई है। जिला कृषि अधिकारी अमित कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह किस्म न केवल समय पर बुवाई के लिए उपयुक्त है, बल्कि वर्षा आधारित खेती में भी लाभदायक सिद्ध होती है। उन्होंने बताया कि इसकी पकने की अवधि 96 से 110 दिन है और इस किस्म पर प्रमुख कीटों का कम प्रकोप होता है। साथ ही यह उकठा (विल्ट) रोग के प्रति मध्यम प्रतिरोधी भी है, जिससे किसानों को फसल हानि का खतरा कम रहता है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले को कुल 344 मसूर मिनिकिट प्राप्त हुए हैं, जो 8 किलोग्राम के पैकेट में हैं। इस प्रकार कुल 27.52 क्विंटल बीज गाजियाबाद को आवंटित किया गया है।

# नगर निगम में प्रवीण चौधरी बने कार्यकारिणी उपाध्यक्ष, मेयर सुनीता दयाल ने दी बधाई

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** नगर निगम गाजियाबाद की राजनीति में बुधवार एक अहम दिन रहा, जब नगर निगम की कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में प्रवीण चौधरी निर्विरोध चुने गए। यह निर्णय नगर निगम मुख्यालय में आयोजित कार्यकारिणी बैठक में लिया गया, जिसमें मेयर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक समेत कार्यकारिणी के सभी सदस्य मौजूद रहे। बैठक का समय सुबह 11 बजे निर्धारित था, जिसके अनुसार मेयर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त, और अन्य अधिकारी समय से पहुंच गए। लेकिन कार्यकारिणी के अधिकांश सदस्य बैठक में देर से पहुंचे, जिस पर मेयर ने स्पष्ट नाराजगी जताई। समय पर केवल प्रवीण चौधरी, विनील दत्त शर्मा और राजीव शर्मा ही मौजूद थे। सदस्यों के देर से पहुंचने के कारण बैठक की शुरूआत निर्धारित समय से कुछ देर बाद की गई। चुनाव प्रक्रिया की घोषणा के साथ ही पार्षद प्रवीण चौधरी और विनील दत्त शर्मा ने अपने नामांकन पत्र खरीदे और दाखिल किए। नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया सुबह 11:30 बजे से 11:45 बजे तक जारी रही, और 11:55 बजे तक सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गईं। शुरू में यह माना जा रहा था कि दोनों प्रत्याशी चुनाव मैदान में रहेंगे और मतदान की नौबत आएगी। लेकिन थोड़ी देर बाद घटनाक्रम में दिलचस्प मोड़ आया। पहले प्रवीण चौधरी ने अपना नामांकन वापस लिया, जिससे यह अनुमान लगाया गया कि विनील दत्त शर्मा निर्विरोध चुने जाएंगे। हालांकि कुछ देर बाद स्थिति बदल गई-विनील दत्त शर्मा ने स्वयं अपना नामांकन वापस ले लिया, जिसके बाद प्रवीण चौधरी को निर्विरोध कार्यकारिणी उपाध्यक्ष घोषित कर दिया गया। घोषणा के बाद पूरे सदन में तालियां गूंज उठीं। मेयर सुनीता दयाल ने प्रवीण चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि नगर निगम की कार्यकारिणी में यह पद अत्यंत महत्वपूर्ण और जिम्मेदारीपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि चौधरी नगर निगम की नीतियों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे और जनता से जुड़ी समस्याओं के समाधान में योगदान देंगे। मेयर सुनीता दयाल ने इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि कृपया समाचार पत्रों में इस पद को 'डिप्टी मेयरज्के रूप में प्रकाशित न करें। इस पद का संवैधानिक नाम 'नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष है और यही उल्लेख किया जाए। बैठक में कार्यकारिणी के सदस्य अजय शर्मा, राजीव शर्मा, नरेश जाटव, गौरव सोलंकी, नरेश भाटी, विनील दत्त शर्मा, अमित त्यागी, देवनारायण शर्मा, पूनम, नीरज गोयल और परमेश यादव उपस्थित रहे। बैठक में नगर निगम से जुड़े कई अन्य प्रशासनिक विषयों पर भी संक्षिप्त चर्चा हुई।

# गाजियाबाद में लागू हुई ग्रेप स्टेज-3

वेलकम इंडिया



- धूल और धुएँ पर नियंत्रण के लिए एमआरएसएम, एंटी स्मॉग गन और जल छिड़काव का निर्देश
- जिलाधिकारी ने सभी विभागों से कहा कि प्रत्येक विभाग को अपने कार्यों में पूरी तत्परता और पारदर्शिता दिखानी होगी।

**गाजियाबाद**। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के अन्य क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 से अधिक होने के दृष्टिगत सेंट्रल एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमिटी (सीएक्यूएम) द्वारा ग्रेप की स्टेज-3 लागू कर दी गई है। इस पर पालन सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी, श्री रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने सभी संबंधित विभागों को कड़े निर्देश भेजे हैं। महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में बुधवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड की अध्यक्षता में ग्रेप स्टेज-3 के प्रभावी नियंत्रण के लिए जिले के सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) ने ग्रेप की सभी स्टेजों में विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

जिलाधिकारी ने बैठक में कहा कि प्रदूषण फैलाने वाले सभी स्त्रोतों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य, फैक्ट्री संचालन, वाहनों और अन्य गतिविधियों को अगले आदेश तक अवरुद्ध या बंद किया जा सकता है। निदेशों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ चालान और अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को प्रतिदिन अधिक संख्या में एमआरएसएम (मोबाइल रियल टाइम सस्पेंशन मॉनिटरिंग मशीन), एंटी स्मॉग गन और जल छिड़काव उपकरण तैनात करने के निर्देश दिए। यदि किसी विभाग के पास उपकरणों की कमी हो तो उन्हें किराए पर लेकर संचालन सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि ग्रेप की स्टेज-1 और स्टेज-2 के सभी पूर्वनिर्धारित आदेशों और दिशा-निर्देशों का भी पूर्ण पालन किया जाए। सभी विभागों को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रतिदिन की गई कार्रवाई की रिपोर्ट शाम 5 बजे से पहले उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को प्रेषित की जाए। बैठक में नगर निगम, जीडीए, स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक वानिकी प्रभाग, पुलिस (यातायात), उपजिलाधिकारी, पश्चिमचल विद्युत वितरण निगम, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी), उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, उत्तर प्रदेश जल निगम, यूपीएसआईडीए, यूपीएसआरटीसी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, सम्भागीय परिवहन, अग्निशमन विभाग, उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र, कृषि विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग, खनन विभाग, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत और क्रेडाई सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों से कहा कि प्रत्येक विभाग को अपने कार्यों में पूरी तत्परता और पारदर्शिता दिखानी होगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए जाने वाले सभी उपायों को समयबद्ध और प्रभावशाली ढंग से लागू किया जाए। श्री रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने सभी विभागों को स्पष्ट किया कि जन स्वास्थ्य और वायु गुणवत्ता सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी विभागों से कहा कि निर्माण, उद्योग, वाहनों और अन्य प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों की निगरानी लगातार की जाए और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी विभाग प्रतिदिन की कार्रवाई की रिपोर्ट समय पर उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भेजें और सभी विभागों में स्टेज-3 के निदेशों का कड़ाई से पालन किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी विभाग ने आदेशों का पालन नहीं किया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक के माध्यम से गाजियाबाद में ग्रेप स्टेज-3 के प्रभावी नियंत्रण, प्रदूषण घटाने और जन स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को एकजुट किया गया है।

# बिना नंबर प्लेट और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर गाजियाबाद परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। जनपद में सड़क सुरक्षा, यातायात अनुशासन और अपराध नियंत्रण को लेकर परिवहन विभाग ने एक सख्त और प्रभावी कदम उठाया है। बिना नंबर प्लेट और बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगे वाहनों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान डॉ. सियाराम वर्मा, सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) के नेतृत्व में 9 नवम्बर 2025 से आरंभ हुआ और जनपद के प्रमुख मार्गों, चौराहों तथा सार्वजनिक स्थलों पर लगातार जारी है। यह विशेष अभियान केवल गाजियाबाद ही नहीं, बल्कि पूरे सम्भाग गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर और हापुड़ में चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य है कि सड़कों पर चलने वाले सभी वाहनों की सही और कानूनी पहचान सुनिश्चित की जा सके, तथा अपराधिक घटनाओं या सड़क दुर्घटनाओं में प्रयुक्त अज्ञात वाहनों की पहचान में आसानी हो। डॉ. सियाराम वर्मा ने बताया कि अभियान की शुरूआत से लेकर अब तक 200 से अधिक वाहनों के विरुद्ध चालान व सीज की कार्रवाई की जा चुकी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बिना नंबर प्लेट, गलत नंबर या गैरमानक प्लेट वाले वाहनों को सड़क पर संचालित नहीं होने दिया जाएगा। यदि ऐसे वाहन पाए जाते हैं तो मोटर वाहन अधिनियम के तहत कठोर प्रवर्तन कार्यवाही चालान, वाहन सीज या अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वाहन स्वामियों से अपील की कि वे शीघ्र अपने वाहनों पर मानक के अनुरूप आगे और पीछे हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाएं।

# 15 नवम्बर को श्याम सेवा परिवार गाजियाबाद ट्रस्ट का वार्षिक उत्सव



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। आस्था, भक्ति और श्याम प्रेम का अनूठा संगम देखने को मिलेगा इस बार गाजियाबाद में, जब श्याम सेवा परिवार गाजियाबाद ट्रस्ट (रजि.) द्वारा आयोजित वार्षिक उत्सव का आयोजन 15 नवम्बर 2025 (शनिवार) को शाम 7:00 बजे से घंटाघर रामलीला मैदान में किया जाएगा। इस आयोजन की भव्य तैयारियां जोरों पर हैं। संस्था ने बुधवार को प्रेस वार्ता और भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन कर उत्सव की विस्तृत जानकारी साझा की। संस्था के मीडिया प्रभारी डॉ. सौरभ जायसवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी ट्रस्ट का वार्षिक उत्सव श्रद्धा और उल्लास से परिपूर्ण रहेगा। उन्होंने कहा कि यह उत्सव केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भक्ति और एकता का महापर्व है, जहां श्याम भक्त एक परिवार की तरह एकत्र होकर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। संस्था के अध्यक्ष अशोक कुमार गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम में देशभर से श्याम भक्त शामिल होंगे। इस अवसर पर श्री महंत नारायण गिरी जी, महंत श्री गिरीशानंद जी, महंत मछंदर पुरी जी, तथा श्री सुरेश चंद्र गुप्ता (पहाडगंज, दिल्ली) का विशेष सानिध्य प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि बाबा श्याम का दरबार इस बार और भी अधिक आकर्षक और भव्य रूप में सजाया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण 'श्याम बाबा का शुकराना भजन संध्याज होगी, जिसमें विश्वविख्यात भजन गायिका ब्रज रस अनुरागी साध्वी पूर्णिमा जी (पूनम दीदी) अपने मधुर भजनों से वातावरण को श्याममय करेंगी।

# डीसीपी नगर धवल जायसवाल ने सुनी आम नागरिकों की शिकायतें, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। जनसुनवाई का उद्देश्य तभी सार्थक होता है जब जनता को न केवल अपनी बात कहने का अवसर मिले, बल्कि उसे यह विश्वास भी हो कि उसकी समस्या का समाधान अवश्य होगा। इसी भाव के साथ पुलिस उपायुक्त नगर धवल जायसवाल ने बुधवार को अपने नगर जोन कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आने वाले नागरिकों से एक-एक कर मुलाकात की। उन्होंने धैर्यपूर्वक सभी फरियादियों की शिकायतें सुनीं, जरूरी निर्देश संबंधित पुलिस अधिकारियों को दिए और कहा कि हर शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। जनसुनवाई के दौरान विविध प्रकार की शिकायतें सामने आईं-कहीं पारिवारिक विवाद, तो कहीं जमीन-झगड़े से जुड़ी परेशानियाँ, कुछ लोग पड़ोसियों से विवाद या साइबर ठगी की घटनाओं को लेकर भी पहुंचे थे। डीसीपी धवल जायसवाल ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित थानाध्यक्षों और विवेचकों को पारदर्शी जांच करने और फरियादियों को संतोषजनक उत्तर देने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनता की शिकायतों को हल करना ही हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। पुलिस तभी सम्मान पा सकती है, जब लोगों को न्याय और सुरक्षा का विश्वास हो। उनके इस वक्तव्य ने न केवल मौजूद लोगों में भरोसा जगाया, बल्कि पुलिस टीम को भी प्रेरित किया कि वे जनता के बीच अपने कार्य के माध्यम से सकारात्मक छवि बनाएं। डीसीपी जायसवाल की कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे संवेदनशीलता और अनुशासन दोनों को समान महत्व देते हैं।

# बार एसोसिएशन चुनाव 2025: सात पदों के लिए अधिवक्ताओं की किस्मत 14 नवंबर को होगी तय

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस वर्ष 14 नवंबर को सात पदों के लिए कुल 30 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला अधिवक्ता मतदाता करेंगे। चुनाव इस बार काफी रोचक माना जा रहा है क्योंकि प्रमुख पदों पर कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा।

बार चुनाव में सात पदों के लिए मंगलवार को नामांकन प्रक्रिया पूरी हुई थी। इसके बाद सभी उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इस चुनाव में कुल 2939 अधिवक्ता वोट डालेंगे। मतदाता सूची में भी सभी को सूचित किया जा चुका है ताकि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सुव्यवस्थित हो। चुनाव की प्रक्रिया को स्वच्छ और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए बुधवार को बार सभागार में अध्यक्ष और चुनाव अधिकारी दीपक शमी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि चुनाव समिति में 25 वर्ष से अधिक वकालत का अनुभव रखने वाले अनुभवी अधिवक्ताओं को शामिल किया जाएगा। चुनाव समिति में शामिल अधिवक्ताओं में अमरपाल सिंह तेवतिया, राजेंद्र चौधरी, प्रमोद शर्मा, सरदार गुरदीप सिंह, अनीश कुरैशी और चंद्रकांत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिवक्ता शामिल हैं। बार सचिव अमित कुमार नेहरा ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए इस बार कुल छह उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष, कनिष्ठ उपाध्यक्ष, सचिव और सह सचिव (प्रशासन) पदों के लिए प्रत्येक पद पर चार-चार उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

# डीएम ने जनसुनवाई में सुनी जनता की समस्याएं, शिकायतों का करें शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। जनसुनवाई केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि जनता की आवाज को सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का सबसे सशक्त माध्यम है। इसी भावना के साथ जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांडड़ ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित प्रतिदिन की जनसुनवाई के दौरान आम नागरिकों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हर शिकायत का शत-प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में नागरिक अपनी शिकायतों और प्रार्थनाओं के साथ उपस्थित हुए। जिलाधिकारी महोदय ने प्रत्येक व्यक्ति से धैर्यपूर्वक संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता व संवेदनशीलता से सुना। इस दौरान नगर निगम, पुलिस विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए), विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रार्थना पत्र एवं शिकायतें प्राप्त हुईं। डीएम ने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और उसका निस्तारण न केवल शीघ्र बल्कि गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत को जनता के दृष्टिकोण से देखें और समाधान ऐसा दें जिससे नागरिकों को वास्तविक राहत मिले। डीएम ने कहा कि जिन शिकायतों के समाधान के लिए स्थलीय निरीक्षण आवश्यक है, वहां अधिकारी स्वयं जाकर स्थिति का जायजा लें और तभी निस्तारण की रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों का केवल कागजी निस्तारण न हो, बल्कि हर स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। डीएम मांडड़ ने सभी विभागाध्यक्षों को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण होने के बाद शिकायतकर्ता से फीडबैक अवश्य लिया जाए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि समस्या का समाधान वास्तव में संतोषजनक हुआ है या नहीं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य सिर्फ पत्र निस्तारित करना नहीं, बल्कि जनता के विश्वास को मजबूत करना है। जनसुनवाई के दौरान नागरिकों ने जल निकासी, बिजली आपूर्ति, भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई में देरी, नगर निगम की सफाई व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित शिकायतें दर्ज कराईं।

# नोएडा के निठारी हत्याकांड में आरोपी सुरेंद्र कोली की सुप्रीम कोर्ट द्वारा बरी, जेल से हुई रिहाई

**गाजियाबाद**। नोएडा के सबसे चर्चित और सनसनीखेज निठारी हत्याकांड में आरोपी सुरेंद्र कोली को आज जेल से रिहा कर दिया गया। यह रिहाई बीते मंगलवार को नहीं हो पाई थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा क्यूरेटिव याचिका पर सुनवाई के बाद कोली को अंतिम केस में भी बरी कर दिया गया था और तत्काल रिहाई के आदेश जारी किए गए थे। लेकिन रिहाई का पत्रवाना लुक्सर स्थित जेल तक मंगलवार शाम तक नहीं पहुंच पाया, जिसके कारण उस दिन उन्हें जेल से नहीं छोड़ा गया। बुधवार को संबंधित दस्तावेजों और आदेशों के पहुंचने के बाद, सुरेंद्र कोली को औपचारिक रूप से रिहा कर दिया गया। सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय खंडपीठ ने निठारी कांड से जुड़े आखिरी मामले में सुरेंद्र कोली को बरी करते हुए कहा कि उन्हें तुरंत रिहा किया जाए।

# राजनगर एक्सटेंशन में सड़क निर्माण कार्यों का उपाध्यक्ष ने किया स्थलीय निरीक्षण



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने बुधवार को राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के स्पष्ट निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने विशेष रूप से अग्रवाल हाइट्स से भटटा नंबर-5 तक की सड़क के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। यह सड़क पिछले कई वर्षों से लंबित थी और अब इसे प्राधिकरण की सक्रिय निगरानी में पुनः गति प्रदान की गई है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने 18 मीटर और 24 मीटर चौड़ी सड़कों के निर्माण में आ रही बाधाओं को मौके पर समझा और आवश्यक सुधार संबंधी सुझाव भी दिए। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने निर्देश दिए कि कच्ची सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाए ताकि धूल और प्रदूषण की समस्या से स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके। इस पहल से न केवल स्वास्थ्य संबंधी जोखिम कम होंगे, बल्कि सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। प्राधिकरण को अवगत कराया गया कि राजनगर एक्सटेंशन में लंबित सड़क परियोजनाओं को अब पूरी गति से लागू किया जा रहा है।

# विकास की नई राह पर कौशांबी: पार्षद निधि से बी-78 सी-6 मार्ग का हुआ पूर्ण निर्माण

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। शहर के विकास की दिशा में एक और अहम कदम उठाते हुए क्षेत्रीय पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने अपने वार्ड में बी-78 सी-6 वाली सड़क का पूर्ण निर्माण कार्य पूरा कराया। यह कार्य पार्षद निधि से कराया गया है, जिसका निर्माण डेन्स कंपनी द्वारा गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया गया। इस नवनिर्मित सड़क का शुभारंभ समाजसेवी मंजू चंद्रा ने बुधवार को नारियल फोड़कर किया, जिसके साथ ही स्थानीय निवासियों में हर्ष और संतोष का माहौल देखने को मिला। शुभारंभ कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी, भाजपा पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाजसेवी दीपक गुप्ता, सुधीर गुप्ता, सुनील गांधी, भाजपा नेता अवधेश कटिहार, चारु चौधरी, मुनीष चंद्रा, बच्ची राम, अमरेश तिवारी, अनिल मल्होत्रा, धीरेंद्र कुमार जैन सहित कई गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान पार्षद कुसुम मनोज गोयल ने क्षेत्र में चल रहे अन्य विकास कार्यों की जानकारी भी साझा की। उन्होंने बताया कि नगर निगम की मदद से क्षेत्र में सड़कों के साथ-साथ नालियों, स्ट्रीट लाइटों, जल निकासी व्यवस्था और पार्कों के सौंदर्यीकरण पर भी लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'हमारा उद्देश्य केवल निर्माण कराना नहीं, बल्कि हर नागरिक को बेहतर जीवन सुविधा उपलब्ध कराना है। विकास केवल शब्द नहीं, यह हमारी जिम्मेदारी है। पार्षद ने इस अवसर पर महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त मलिक जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी निरंतर सहयोग भावना और प्रशासनिक तत्परता से ही यह कार्य संभव हो सका।

